इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव


शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 45 अंक - 20 राजनांदगांव, शुक्रवार 05 दिसम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# भारत पहुंचे पुतिन का पीएम मोदी ने किया स्वागत, गले मिले; एयरपोर्ट से एक ही कार में हुए रवाना

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम करीब 6.35 बजे दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचेंगे। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है, जिसे कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मॉस्को से रवाना होने के बाद पुतिन सीधे नई दिल्ली पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सम्मान में प्राइवेट डिनर होस्ट करेंगे। इससे पहले भी पीएम मोदी ने पुतिन के भारत दौरे के दौरान ऐसा विशेष आयोजन किया था। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण शुक्रवार को होने वाला 23वां भारत-रूस सालाना समिट है। इसमें पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन रक्षा सहयोग, ऊर्जा साझेदारी, व्यापार विस्तार और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। दोनों देशों के बीच 2030 तक आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम पर हस्ताक्षर की भी तैयारी है। बैठक के बाद दोनों नेता संयुक्त बयान जारी करेंगे।

### दौरे के दूसरे दिन पुतिन का व्यस्त कार्यक्रम

सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में उनका सेरेमोनियल रिसेप्शन होगा। इसके बाद वे राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ



उच्च-स्तरीय वार्ता का दौर चलेगा। दोपहर बाद दोनों नेता भारत-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे, जहां व्यापार और निवेश बढ़ाने पर फोकस रहेगा। शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनसे मुलाकात करेंगी और उनके सम्मान में औपचारिक डिनर देंगी। इसी दौरान पुतिन रूस के सरकारी ब्रॉडकास्टर RT के नए इंडिया चैनल की लॉन्चिंग भी करेंगे, जिसे दोनों देशों के बीच मीडिया सहयोग का बड़ा कदम माना जा रहा है। रात 9 बजे पुतिन की भारत यात्रा संपन्न होगी और वे वापस रूस रवाना हो जाएंगे। यह यात्रा भारत-रूस संबंधों को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### पुतिन बोले- भारत ग्रेट पावर, मोदी दबाव में नहीं आते:अमेरिका खुद हमसे न्यूक्लियर फ्यूल खरीद रहा और दूसरों को ज्ञान देता है

भारत और रूस के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर शाम 6.35 बजे भारत पहुंचे. उनका दो दिवसीय भारत दौरा दोनों देशों के लिए बेहद अहम है जिसमें ट्रेड, डिफेंस समेत कई सेक्टरों में समझौते होंगे. मीडिया ने पुतिन से सवाल किया कि भारत और रूस दोनों पर तेल को लेकर भारी दबाव है. खासकर पश्चिमी देशों की ओर से जो दबाव हम देख रहे हैं, उससे भारत प्रभावित हुआ है. ऐसे पश्चिमी दबाव और प्रतिबंधों का सामना दोनों देश कैसे करेंगे? जवाब में व्लादिमीर पुतिन ने कहा, यहां मुद्दा ये है कि जिस दबाव का आपने जिक्र किया वो असल में राजनीति का इस्तेमाल करके सामान्य व्यापार और प्रतिस्पर्धा में दखल देने की कोशिश है. भारत के साथ हमारा ऊर्जा सहयोग वर्तमान परिस्थितियों से, अस्थायी राजनीतिक उतार-चढ़ाव से या यूक्रेन में हुई दुखद घटनाओं से प्रभावित नहीं हुआ है. हाइड्रोकार्बन के मुद्दे पर बोलते हुए पुतिन ने कहा, जहां तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विदेशी गणमान्यों को विपक्षी नेताओं से न मिलने को कहती है सरकार, पुतिन के दौरे से पहले राहुल का आरोप



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार अपनी असुरक्षा के कारण विदेश से आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को कहती है कि वे विपक्ष के नेता (एलओपी) से न मिलें। राहुल गांधी का यह बयान तब सामने आया है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ ही घंटे बाद दो दिन के भारत दौरे पर आने वाले हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, अब तक परंपरा रही है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते थे। यह (पूर्व प्रधानमंत्री) अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के समय में भी होता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, आम तौर पर परंपरा है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते हैं। यह वाजपेयी जी के समय होता था, मनमोहन सिंह जी के समय भी। लेकिन इन दिनों सरकार विदेशियों से कहती है कि वे मुझसे न मिलें। विदेश जाते समय भी यही होता है। हमें संदेश मिलता है कि सरकार ने कहा है कि आपसे न मिलें।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता भी भारत का प्रतिनिधित्व करता है और इन बैठकों से विदेशी नेताओं को एक अलग नजरिया मिलता है। लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विदेशी नेता विपक्ष से मिलें। उन्होंने कहा, यह परंपरा है, लेकिन मोदी जी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं करते। जब पूछा गया कि सरकार ऐसा क्यों करती है, तो उन्होंने कहा, यह उनकी असुरक्षा के कारण है। पुतिन आज शाम भारत पहुंचेंगे और शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर बैठक करेंगे। इस बैठक में रक्षा संबंधों को मजबूत करना, भारत-रूस व्यापार को बाहरी दबावों से सुरक्षित रखना और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार: प्रियंका गांधी

राहुल गांधी के इस आरोप पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, यह बहुत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सरकार की नीतियों से रुपया कमजोर हुआ, आर्थिक हालात अच्छे नहीं, खड़गे ने पीएम मोदी से मांगा जवाब



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट आई है तथा इससे यह भी पता चलता है कि देश की आर्थिक परिस्थित अच्छी नहीं है। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा कि रुपया क्यों कमजोर होता जा रहा है।

### दिन प्रतिदिन पतला होता जा रहा रुपया

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 90.36 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 28 पैसे और टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 90.43 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। बुधवार को रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 का स्तर पार कर 90.15 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### हमारी आर्थिक हालत अच्छी नहीं

खड़गे ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मोदी सरकार की नीतियों की वजह से रुपया कमज़ोर हो रहा है। अगर सरकार की नीति अच्छी होती, तो रुपये की कीमत बढ़ती। रुपये के कमजोर होने से पता चलता है कि हमारी आर्थिक हालत अच्छी नहीं है। सरकार भले ही अपनी पीठ थपथपा ले लेकिन दुनिया में हमारी करेंसी की कोई 'वैल्यू' नहीं है।'' बाद में उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रुपया आज 90 पार कर चुका है। सरकार चाहे कोई भी ढ़िंढ़ोरा पीटे, रुपये की क़ीमत गिरने से ये पता चलता है की देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नहीं गिरता।'' खड़गे के मुताबिक, ''वर्ष 2014 के पहले मोदी जी ने कहा कि क्या कारण है हिंदुस्तान का रुपया पतला होता जा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नक्सली संगठन को बड़ा झटका, टॉप लीडर वेल्ला समेत 18 ढेर, 1 करोड़ से ज्यादा का था ईनाम



बीजापुर। छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन को एक और बड़ा झटका लगा है। बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमावर्ती क्षेत्र में बुधवार से जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। लगभग 20 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में जवानों ने 1 करोड़ 30 लाख रुपये इनामी 18 नक्सलियों को मार गिराया।

एनकाउंटर में नक्सलियों का एक टॉप लीडर भी मारा गया है। सुरक्षाबल के जवानों ने इस पूरे मिशन को एक इनपुट के आधार पर शुरू किया था।हालांकि, इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के 3 जवान शहीद हो गए।जबकि दो जवान घायल हैं, जिनका इलाज रायपुर में जारी है।

### 16 नक्सलियों की हुई पहचान

अब तक 18 में से 16 नक्सलियों की पहचान की जा चुकी है, जबकि दो शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। मारे गए नक्सलियों में 9 पुरुष और 9 महिला माओवादी शामिल हैं। सभी पर कुल मिलाकर 1 करोड़ 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह मुठभेड़ हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक मानी जा रही है।

### इतने हथियार बरामद

आईजी ने बताया कि मारे गए अधिकतर नक्सली PLGA कंपनी नंबर-02 के सक्रिय लड़ाके थे। 16 नक्सलियों की शिनाख्त पूरी हो चुकी है, जबकि 2 की पहचान अभी बाकी है। मुठभेड़ स्थल से 19 हथियार बरामद हुए हैं, जिनमें 1 LMG, 4 SLR, 4 INSAS, 3 AK-47, अन्य राइफलें, भारी मात्रा में कारतूस, पाउच और विस्फोटक शामिल हैं। इनपुट था कि इलाके में 25-30 नक्सली मौजूद हैं. मुठभेड़ के बाद रीइन्फोर्समेंट पार्टी भेजी गई है. पूरे इलाके को कॉर्डन ऑफ कर सघन सर्चिंग चल रही है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव ने बताया कि अभियान के दौरान कुख्यात माओवादी कैडर PLGA बटालियन कंपनी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायपुर में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई: लोहा और जमीन कारोबारियों के कई ठिकानों पर आईटी की दबिश



रायपुर। राजधानी रायपुर में गुरुवार सुबह आयकर विभाग ने लोहा कारोबारी, भूमि व्यापारी और उनसे जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर एक साथ दबिश दी।

जानकारी के अनुसार झारखंड और जबलपुर से आई आयकर की स्पेशल टीमों ने शहर के प्रमुख कारोबारियों अरविंद अग्रवाल, अमर अग्रवाल, महेश गोयल तथा उनसे जुड़े साझेदारों के आवास और कार्यालयों की घेराबंदी की। कार्रवाई सुबह करीब 6 बजे से जारी है। दबिश के लिए झारखंड और जबलपुर से 80 से अधिक आयकर अधिकारी रायपुर पहुंचे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से CRPF की 22वीं बटालियन के 100 से ज्यादा सशस्त्र जवानों को पूरे अभियान में लगाया गया है। शहर के कई पॉश इलाकों और कारोबारी केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था देखी जा रही है। आयकर विभाग की सबसे बड़ी टीम लोहा व्यवसाय से जुड़े अरविंद अग्रवाल के सिग्नेचर होम स्थित आवास पर पहुंची। बताया गया है कि यहां ज्वाइंट कमिश्नर स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में 30-35 IT अधिकारी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं। अरविंद अग्रवाल देवी स्पंज और हिंदुस्तान क्वाइल जैसी कंपनियों से जुड़े बताए जाते हैं। इसके अलावा उनका ग्रुप जमीन कारोबार में भी बड़े पैमाने पर सक्रिय है।

### महेश गोयल से जुड़े ठिकानों पर भी छापे

सूत्रों के अनुसार हिंदुस्तान क्वाइल भले ही महेश गोयल के नाम पर है, लेकिन संचालन व वित्तीय गतिविधियों को अरविंद अग्रवाल ही देखते हैं। महेश गोयल वॉलफोर्ट सिटी के,- 34 में रहते हैं और जमीन कारोबार से जुड़े हैं। IT टीम ने बिलासपुर के व्यापार विहार स्थित हिंदुस्तान क्वाइल के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर निलंबित, बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की कही थी बात



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक हुमायूं कबीर को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की बात कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। उनके बयान को लेकर पार्टी के भीतर तीखी आलोचना हुई थी और तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। टीएमसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बेलडांगा के विधायक की टिप्पणी अस्वीकार्य है और पार्टी के रुख को नहीं दर्शाती है।

कबीर ने पिछले दिनों कहा था, मैंने एक साल पहले कहा था कि मैं बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखूंगा। तुम्हारी चमड़ी क्यों जल रही है? क्या तुम्हें भाजपा चला रही है? 6 दिसंबर को एनएच-34 मेरे नियंत्रण में रहेगा, मुसलमानों के नियंत्रण में। इस दौरान उन्होंने मुर्शिदाबाद प्रशासन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंट होने का आरोप लगाया और अधिकारियों को चेतावनी दी कि उनके कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की तो वे आग से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीएलओ के काम के घंटे घटाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें



सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकारों को निर्देश

नई दिल्ली। 12 राज्यों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर जबरदस्त दबाव पड़ा है। इन स्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब राज्य सरकारों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि बीएलओ के काम के घंटे कम करने के लिए राज्य सरकारें अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी आदेश दिया कि जिन लोगों ने चुनाव आयोग की ओर से जारी एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी से छूट के लिए सही और स्पष्ट वजहें दी हों, उनके अनुरोधों पर राज्य सरकार और सक्षम प्राधिकारी विचार करें और मामलों के आधार पर उन लोगों की जगह दूसरे कर्मियों की तैनाती की जाए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी- तमिलगा वेत्री कझगम की ओर से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# इंडिगो फ्लाइट्स कैंसिल: एक दिन में 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द, हजारों यात्री परेशान



नई दिल्ली। भारत के उड्डयन इतिहास में 4 दिसंबर का दिन बहुत ही मनहूस माना जाएगा। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को अपनी 300 से अधिक उड़ानों को रद्द किया और इसके लिए समय पर यात्रियों को जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई। इस वजह से दिल्ली से लेकर हैदराबाद तक और मुंबई से लेकर बेंगलुरु तक के दर्जनों हवाई अड्डों पर हजारों यात्रियों को जबरदस्त असुविधा का सामना करना पड़ा है। दिल्ली में 95, मुंबई में 85, हैदराबाद में 70 और बेंगलुरु में 50 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हुई हैं।जो उड़ानें उड़ पाईं, वो भी देरी से उड़ीं। पिछले तीन दिनों से इंडिगो की उड़ानों के साथ यह समस्या चल रही है, जो गुरुवार को और अधिक बढ़ गई। सामान्य तौर पर जहां भारत में 75-80 फीसद उड़ानें समय पर रहती हैं। उनका औसत घट कर 20 फीसद के करीब आ गया है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि अभी समस्या का समाधान निकलता नहीं दिख रहा। इस हालात का असर इंडिगो के शेयरों की कीमत पर भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गुजरात एटीएस ने पाकिस्तानी जासूसी की पोल खोली, पूर्व सूबेदार और महिला गिरफ्तार




अहमदाबाद। गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को एक बड़े पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को संवेदनशील और सुरक्षा संबंधी जानकारी लीक करने के आरोप में एक महिला और एक पूर्व सेना सूबेदार को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गोवा में भारतीय सेना में सूबेदार मेजर अजय कुमार सिंह और दादरा एवं नगर हवेली की रश्मणी पाल के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय पर पाकिस्तानी गुर्गों को वित्तीय सहायता पहुंचाने का भी आरोप है। दोनों जासूसी नेटवर्क के तहत धन जुटाने में मदद कर रहे थे। दोनों ने संवेदनशील जगहों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां इकट्ठा की और उनको पाकिस्तान के साथ साझा करने में लगे थे। एटीएस अब इस व्यापक नेटवर्क की जांच कर रही है। वह पता लगा रही है कि कितनी जानकारी पहले ही लीक हो चुकी है और इससे कितने लोग जुड़े हैं।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमेरिका में पाकिस्तानी पीएम-आर्मी चीफ पर बैन लगाने की मांग: 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी



कहा- पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं। यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। इसी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। सांसदों ने 2024 के आम चुनावों में हुई धांधली का भी जिक्र किया, जिस पर स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' के अलावा खुद अमेरिकी विदेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एसआईआर पर थमी तो प्रदूषण पर बढ़ी रार... बिना गतिरोध के संपन्न हुआ संसद शीतकालीन सत्र का चौथा दिन



नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष लगातार कई मुद्दे उठा रहा है. अभी तक SIR और BLO की मृत्यु का मुद्दा चर्चा में रहा है. इसके साथ ही संचार साथी ऐप ने भी संसद सत्र को हंगामेदार बनाया. हालांकि इस ऐप वाले मसले सरकार का टर्न आ चुका है, फिर भी इस पर चर्चा जारी है. बुधवार का दिन कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी के कारण उठे प्रिविलेज मोशन के भी नाम रहा. उनके बयान से सुर्खियां बटोरीं और वार-पलटवार का दौर जारी रहा.

गुरुवार को शीतकालीन सत्र का चौथा दिन रहा. शुरुआती दो दिन हंगामेदार रहे तो इस बीच बुधवार का तीसरा दिन शांतिपूर्ण रहा और चौथे दिन भी कोई गतिरोध नहीं रहा. संसद के भीतर सदन की कार्यवाही शांति से चलती रही लेकिन बाहर हंगामा भी होता रहा. चौथे दिन की शुरुआत प्रदूषण के मुद्दे से हुई और फिर शाम को स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस बिल 2025 पर चर्चा के साथ समाप्त हुई. इस बिल पर आगे भी चर्चा जारी रहेगी. लोकसभा में बुधवार को पास होने के बाद राज्यसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा हुई. इस बिल में तंबाकू उत्पादों जैसे सिगरेट, सिगार, जर्दा और खैनी पर नए उत्पाद शुल्क का प्रावधान किया गया है ताकि GST मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद भी कर भार समान बना रहे. GST मुआवजा उपकर 2017 में इसलिए लागू हुआ था कि राज्यों को GST से होने वाली संभावित राजस्व हानि की भरपाई मिल सके. यह मुआवजा अवधि 2025 में खत्म हो रही है. सरकार का कहना है कि नए शुल्क से राज्यों और केंद्र दोनों के राजस्व ढांचे में स्थिरता बनी रहेगी.

### चौथे दिन भी प्रदूषण का मुद्दा उठा

कांग्रेस सांसद विजयकुमार उर्फ विजय वसंत ने लोकसभा में दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के बड़े हिस्सों में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया. सांसद ने सरकार से मांग की कि दिल्ली के वायु संकट को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, सभी निगरानी स्टेशन बहाल किए जाएं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पान मसालों के बढ़ेंगे दाम, लोकसभा में बिल पेश

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 को विचार और पास करने के लिए पेश किया. इस बिल का मकसद नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक हेल्थ पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रिसोर्स बढ़ाना है और खास सामान बनाने या प्रोडक्शन के लिए लगाई गई मशीनों और दूसरे प्रोसेस पर और उससे जुड़े मामलों के लिए सेस लगाना है. वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्य सभा में केंद्रीय उत्पाद (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार के लिए पेश किया. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 को विचार और पास करने के लिए पेश किया. इस बिल का मकसद नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक हेल्थ पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रिसोर्स बढ़ाना है. निर्मला सीतारमण ने साफ किया कि पान मसाला खाने से स्वास्थ्य को नुकसान होता है. इसपर सेस लगाने से इसका दाम बढ़ेगा जिससे इसके इस्तेमाल में रूकावट पैदा होगा. इससे वसूले किए जाने वाले आय हेल्थ प्रोग्राम में खर्च किए जाएंगे.

## पहला कॉलम...

### सोमनी पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले के खिलाफ की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वालो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि ग्राम मनगटा से पुलिस को प्राप्त शिकायत जांच दौरान आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद- विवाद कर रहे लक्ष्मण साहू पिता मनोहर साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम मनगटा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफतार किया गया है और उसके खिलाफ पृथक से प्रतिबंधित करने धारा 126,135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले ढाबा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई




राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ढाबों में लोगों को शराब पीने से सुविधा उपलब्ध कराने वाले ढाबा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 3 लोगों पर धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि थाना सोमनी क्षेत्र के विभिन्न ढाबा में चेकिंग कार्यवाही दौरान बाम्बे कलकता ढाबा के संचालक जितेन्द्र यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 30 साल निवासी टेडेसरा थाना सोमनी जिला एवं शिव शक्ति काठियावाडी ढाबा के संचालक राजू पिता किंगा भाई उम्र 34 साल निवासी शिवशक्ति काठियावाडी ढाबा द्वारा अपने ढाबा में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर धारा 36(च) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया साथ ही दोनों ढाबा संचालकों को प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया। इसी तरह ग्राम देवादा साईं ढाबा, खन्ना ढाबा के पास सार्वजनिक स्थान देवादा में शराब सेवन करने वाले 01. निलेश शर्मा उर्फ लाला पिता श्याम सुंदर शर्मा उम्र 30 साल निवासी हुडको भिलाई जिला दुर्ग, अखिलेश सोरी पिता अनिल सोरी उम्र 29 साल निवासी नेहरू नगर ईस्ट कुसुम गार्डन के पास दुर्ग, अभिषेक बैद पिता सुभाष बैद उम्र 40 साल निवासी दरोगा चाल बसंतपुर के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### आज साइंस कॉलेज में गीता जयंती

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा गीता जयंती का कार्यक्रम साइंस कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। गीता जयंती सप्ताह के इस पावन अवसर पर संघ द्वारा विभिन्न स्थानों पर भगवद्गीता का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम 5 दिसंबर को स्थान साइंस कॉलेज में समय प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम भगवद्गीता वितरण एवं सनातन धर्म पर चिंतन एवं भगवद्गीता के चयनित श्लोकों का वाचन एवं सार विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### बालाराम साहू का निधन



हरदी (दावा)। गिधवा निवासी बालाराम साहू पानवाला का 89 वर्ष के उम्र में 2 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के लोग शामिल हुए। ग्राम पटेल पोषण लाल, डोमन लाल, टीकम लाल व दीपचंद के पिता थे।







# राष्ट्रव्यापी साक्षरता परीक्षा महाभियान 7 दिसम्बर को



**जिले में बनाए गए 464 परीक्षा केन्द्र**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान का आयोजन रविवार 7 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा कलेक्टोरेट के कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण बैठक ली गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान में शिक्षार्थी सुविधानुसार रविवार 7 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। प्रश्न पत्र के पढना, लिखना एवं गणित कुल 3 भाग होंगे तथा प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा व प्रत्येक प्रश्नों का उत्तर देना होगा। राष्ट्व्यापी परीक्षा महाअभियान में राजनांदगांव जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने उल्लास केन्द्र में 200 घंटे में उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय पूर्ण किये हों, परीक्षा में पूर्व में पढना-लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केन्द्र में पढ़ाई किए हो, जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शाामिल होना चाहते हो, वह परीक्षा में शिक्षार्थी शामिल हो सकते है। उन्होंने बताया कि पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार आंकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाएगी एवं संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा। जिले में अद्यतन 10700 शिक्षार्थियों का पंजीयन किया गया है एवं 464 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। परीक्षा केन्दों में परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। विकासखंड एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। परीक्षा में सफल शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय एनआईओएस तथा राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण एनआईएलपी से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा ग्राम एवं वार्ड के चिन्हित असाक्षरों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा तैयार की गई उल्लास प्रवेशिका के पाठों के अलावा साक्षरता कक्षाओं का संचालन नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते हुए, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता सहित अन्य विषयों की जानकारी दी जा रही है। परीक्षा दिवस को मॉनीटरिंग हेतु दल बनाया गया है। जिसमें जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा को विकासखंड में परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु दायित्व सौंपा गया है। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक नोडल साक्षरता एवं संकुल समन्वयकों द्वारा मॉनीटरिंग की जाएगी।

उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य किन्हीं कारणों से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं करने वाले 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग वाले व्यक्तियों को पढ़ने-लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं की क्रियान्वयन के लिए 1 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास प्रारंभ किया गया है। जिसमें प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करना है। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती रश्मि सिंह, जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड नोडल प्रभारी, प्रभारी साक्षरता कार्यक्रम एवं साक्षरता मिशन के कर्मचारी उपस्थित थे।

## मवेशी धरपकड़ अभियान, निगम की टीम ने आज व कल में पकड़े 14 मवेशी



**निदान 1100 में प्राप्त शिकायत पर 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह काजी हाउस पहुचाया**

राजनांदगांव (दावा)। पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमाक्षेत्र के चौक चौराहों में घुमते रहने एवं बैठे रहने से यातायात बाधित होने एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी घातक है। क्योकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकडा जाता है। अभियान के तहत आज व कल चौक चौराहो में 14 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुँचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया।

मवेशियों को पकड़ने शासन व प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम में टीम गठित किये। गठित टीम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित कर मवेशी छोडने की कार्यवाही की जाती है।

नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही के तहत गत दिवस कल गंज चौक, बंसतपुर जिला अस्पताल, क्लब चौक, कमला कालेज चौक, आर.के.नगर से घुमंतु एवं बैठे 8 मवेशी तथा आज सहदेव नगर, गौरव पथ, महेश नगर, गंज मण्डी के सामने, महामाया चौक से 6 घुमन्तु बैठे मवेशियों को पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है। इसी प्रकार निदान 1100 में आमजनों द्वारा किये गये शिकायत के आधार पर शहर के विभिन्न स्थानो से 12 मवेशी पकड रेवाडीह काजी हाउस में रखा गया है, जहॉ से उन्हें छोड़ने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोड़ा जायेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिको से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छो़डने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

## भीम के नाम रक्तदान 6 दिसंबर को होगा



**आयोजन में कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक होंगे सम्मिलित**

राजनांदगाँव (दावा)। बौद्ध कल्याण समिति (बौद्ध समाज) राजनांदगाँव के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महामानव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर भीम के नाम रक्तदान का आयोजन किया गया है । बौद्ध समाज के शह सचिव एवं प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया रक्तदान शिविर का मुख्य प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कोल्हाटकर जी को बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में सभी जाति-धर्म के रक्तवीर भीम के नाम रक्तदान के डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी को आदरांजली अर्पित करेंगे। बौद्ध समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कार्यक्रम प्रातः 9 बजे कलेक्टरेट परिसर में स्थापित बाबा साहेब जी की आदमकद प्रतिमा में पुष्प अर्पित के आदरांजली अर्पित की जाएगी तत्पश्चात प्रातः 10 बजे से पांच बजे तक भीम के नाम रक्तदान किया जाएगा। यह आयोजन डॉ. आंबेडकर भवन सिविल लाईन में आयोजित किया गया है। इस विशेष अवसर पर कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को आमंत्रित किया गया है। विनोद श्रीरंगे ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न समाज के सामाजिकगण एवं सभी पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। विनोद श्रीरंगे ने बताया शाम को राजनांदगाँव जिला के विभिन्न वार्डो के बौद्ध विहारों में महापरिनिर्वाण के दिवस पार आदरांजली का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष कांतिकुमार फुले एवं समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने कार्यक्रम में सभी नागरिकों को एवं जनप्रतिनिधि को तथा समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं की जानकारी प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा) । छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र रविवार 14 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ होकर बुधवार 17 दिसम्बर 2025 को समाप्त होगा। विधानसभा सत्र के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं सहित अन्य जानकारी समयावधि में छत्तीसगढ़ शासन, आयुक्त भू-अभिलेख एवं आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा का दूरभाष क्रमांक 07744-227627, मोबाईल नंबर 7748851177, ई-मेल आईडी rajnandgaon. cg.@gov.in है।

## जिला पेंशनर्स एसोसिएशन पुलिस अधीक्षक से मिल



राजनांदगांव (दावा)। जैसे-जैसे आधुनिक युग की सुविधा बढ़ रही है, उतना ही शातिर लोग अन्यान्त्र तरीके से लोगों के तन, मन एवं धन को क्षति पहुंचा रहे हैं। पेंशनर्स साथी उम्र दराज होने के साथ ही साइबर क्राइम के चंगुल में भी फंस रहे हैं। खाता धारक की राशि खाते से निकाल ली जाती है तथा खाताधारक को जानकारी भी नहीं होती है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन, महासचिव केपी सिंह, संगठन सचिव एनएल देवांगन एवं तहसील अध्यक्ष बीटी वाल्दे के साथ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा से भेंटकर निवेदन किया। इस तरह के साइबर क्राइम से बचाव हेतु पेंशनर्स साथियों को उचित दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रशस्त करें।

एसपी ने निवेदन सहर्ष स्वीकार करते हुए 8 दिसंबर दिन सोमवार को समय 1 बजे आवश्यक दिशा निर्देश हेतु तीन-चार पुलिस विभाग के अधिकारियों को पेंशनर्स की बैठक में आधे घंटे की उद्बोधन हेतु सहमति प्रदान की गई है। अतः समस्त पेंशनर्स साथियों से आग्रह है कि, जिले की बैठक दिनांक को आवश्यक रूप से अपनी उपस्थिति देवें ताकि आपके खाते की धनराशि आपकी जानकारी के बगैर को भी व्यक्ति निकाल कर अपव्यय ना कर सके।

## शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसान हो रहे आर्थिक रूप से सशक्त



**○ किसान डिलेश्वर धान बिक्री की राशि से करेंगे ट्रेक्टर का किश्त भुगतान**
**○ पिछले वर्ष धान बिक्री से खरीदा था ट्रेक्टर**

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में तेजी से धान खरीदी कार्य किया जा रहा है। शासन किसानों के वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। जिले के किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र सोमनी में ग्राम ईरा के किसान श्री डिलेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि वे 66 क्विंटल धान बिक्री करने आए हैं। उनके पास 8 एकड़ खेती जमीन है, जिसमें वे धान की उपज लिया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने से उनकी उपज का वास्तविक दाम मिल रहा है और राशि भी शीघ्र खाते में मिल रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष धान बिक्री की राशि से वे खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए ट्रेक्टर खरीदा था। उन्होंने बताया कि बहुत दिनों से ट्रेक्टर खरीदने का सोच रहे थे, लेकिन आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण नहीं खरीद पाए थे। पिछले वर्ष जैसे ही शासन द्वारा धान खरीदी करने पर उन्होंने धान विक्रय किया और एक मुश्त राशि मिलने पर ट्रेक्टर खरीदने की हिम्मत जुटा जाए। उन्होंने बताया कि समय पर खेती-किसानी कार्य करने के लिए सहुलियत हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की धान बिक्री की राशि से ट्रेक्टर की किश्त को पूरा करने में उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जरूरतों के साथ-साथ खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए राशि का उपयोग कर रहे हैं।

ग्राम ईरा के किसान डिलेश्वर बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता, पारदर्शिता तरीके से इलेक्ट्रानिक तौलाई, खाते में राशि अंतरण किया जा रहा है। धान उपार्जन केन्द्र सोमनी में किसानों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था रखी गई है। धान उपार्जन केन्द्र में पेयजल, छांव, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव**
**जिला-राजनांदगाँव**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. अकरम रिजवी आ. मो. अब्दुल अजीज निवासी नंदई नाका मोहारा रोड़ राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम नंदई प.ह.नं. 41 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 15088, 15089, 15090, 15091 रकबा 0.3940 हे. भूमि के राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में एक खातेदार मो. अकरम पिता स्व. अजीज भाई का नाम जोड़ा जाकर रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 18/12/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 3/12/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 3/12/2025
पेशी दिनांक : 18/12/2025

**तहसीलदार,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव**
**जिला-राजनांदगाँव**
**ईश्तहार**

रा. मा. क्र. 202511090400027
बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधा सोनी आ रामकुशाल सोनी निवासी शहर /सुकुलदैहान प. ह. नं. 27 तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्वयं सुधा आ. राम कुशाल जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन हैं। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 10/12/2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर वितार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार दिनांक 26/11/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 26/11/2025
सुनवाई दिनांक 10/12/2025

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202511091900027**
**ईश्तहार**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026 विषय:-ब-121
मोहभट्ठा प.ह.न. 00036 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार बिसम्भर यादव,
अनावेदक पक्षकार -

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसम्भर यादव आ. स्व. बिहारी यादव निवासी ग्राम मोहभट्ठा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदक अपने स्वयं का जन्म दिनांक 17.03.1956 को ग्राम मोहभट्ठा, तहसील डोंगरगांव में हुआ है, भूलवंश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नहीं कराया गया। आवेदक अपने स्वयं का जन्म तिथि दर्ज किये जाने स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/12/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/11/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, डोंगरगांव**

### तुलसी राम पटेल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत धामनसरा पूर्व उपसरपंच जीवराखन पटेल के पिता एवं पंचायत सचिव बरातु पटेल दादा तुलसी राम पटेल 96 वर्ष में आस्मिक निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार धामनसरा मुक्तिधाम में 11 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
0-3-5
449-7 147-2
राजधानी
2-6-8
168-5 377-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा जिला जेल में गीता का पाठ



राजनांदगांव(दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ राजनांदगांव द्वारा जिला जेल में कैदियों को गीता का पाठ पढ़ाया गया। इस अवसर पर भगवान की पूजा अर्चना की गई और गीता के बारे में बताया गया कि यह जीवन का सार है।

कार्यक्रम में बताया गया कि गीता जीवन जीने की कला का नाम है और आत्मा अमर है। मुख्य तीर्थ विश्वकर्मा जी ने कहा कि गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के लिए तैयार किया था। देव कुमार जी ने कहा कि गीता सभी ग्रंथों में पढ़ने योग्य है और सभी धर्म के लोगों को इसे पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम को मानो निर्वाणी तथा विवेक त्रिपाठी की संपन्न संबोधित किया।

समस्त जेल के बंदियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और जेल प्रशासन ने भी इसकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में उत्तम गौतम, टंडन, सतीश तिवारी, अनिल नागवंशी, त्रिपाठी और देव कुमार निर्वाणी मौजूद थे।

# जीवनदीप समिति की बैठक स्थगित : विधायक श्रीमती बघेल ने भाजपा पर लगाया मनमानी और दबावपूर्ण राजनीति करने का आरोप

डोंगरगढ़ (दावा)। गत 2 दिसंबर को आयोजित जीवनदीप समिति की बैठक को आधे घंटे पूर्व कैंसिल करने को लेकर स्थानीय विधायक व जीवनदीप समिति की अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने भाजपा पर दबाव पूर्ण राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्रीमती बघेल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) डोंगरगढ़ में होने वाली जीवन दीप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक को कलेक्टर राजनांदगांव के द्वारा बगैर कोई सूचना व जानकारी के आधे घंटे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मनमानी और दबाव के कारण स्थगित कर दिया गया है। इस पर श्रीमती बघेल ने कहा कि बैठक कैंसिल होने को आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित करने का प्रयास बताया है। विधायक द्वारा दिए गए वक्तव्य पर वरिष्ठ भाजपा नेता व जीवनदीप समिति के सदस्य सुरेंद्र सिंह बन्नो आना ने कहा है कि विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा दबावपूर्ण राजनीति करते हुए बैठक में अपनी ओर से तीन सदस्यों को आमंत्रित करवाया गया,जो कि नियम विरुद्ध है। भाजपा द्वारा दबाव पूर्ण राजनीति करने के संबंध में श्री बन्नो आना का कहना था कि कौन दबाव पूर्ण राजनीति कर रहा है, बैठक के लिए आमंत्रित सदस्यों की सूची को देखने से पता चलता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवनदीप समिति की 2 अक्टूबर को होने वाली बैठक को आधा घंटे पूर्व रद्द करने का प्रमुख कारण विधायक द्वारा अपने तीन सदस्यों को बैठक में आमंत्रित करवाने का था। बीएमओ द्वारा बैठक हेतु निकाले गए पत्र में विधायक की अनुशंसा पर तीन सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। जिस पर जीवनदीप समिति के सदस्यों ने घोर आपत्ति व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित नहीं होने की जानकारी बीएमओ को दी। जो बैठक को कैंसिल करने का आधार बना। विधायक द्वारा जिन तीन सदस्यों को बैठक हेतु आमंत्रित करवाया गया था, उसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संध्या देशपांडे, कांग्रेस नेता पंचराम चंदेल एवं जितेंद्र सिंह भाटिया का नाम शामिल है। पता चला है कि अपनी अनुशंसा से नियुक्त सदस्यों के बिना विधायक श्रीमती बघेल बैठक में आना नहीं चाहती और विधायक द्वारा मनोनीत किए गए सदस्यों की उपस्थिति में जीवनदीप समिति के सदस्य बैठक में आना नहीं चाहते। ऐसे में जीवनदीप समिति की बैठक कब होगी, कैसे हो पाएगी,इसे लेकर संशय बना हुआ है।



**अध्यक्ष बताये किस आधार पर अपनी ओर से तीन सदस्यों को आमंत्रित किया गया - सुरेंद्र सिंह बन्नोआना**

### फोन के माध्यम से आधा घंटा पूर्व बैठक रद्द होने की सूचना दी गई - विधायक

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि मेरे कार्यालय से मेरा दौरा कार्यक्रम जारी हो चुका था। तब तक बैठक कैंसिल होने की मुझे कोई लिखित सूचना व जानकारी नहीं मिली थी। बैठक होने के आधे घंटे पूर्व फोन के माध्यम से सूचना मिली कि, आज आयोजित होने वाली जीवन दीप समिति का बैठक को स्थगित किया जाता है और बैठक को स्थगित करने की वजह पूछा गया तो बीजेपी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक स्थगित करने का दबाव बताया गया। विधायक ने कहा कि ऐसी लापरवाही जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रही है। अगर स्वास्थ्य को लेकर इसी तरह लापरवाही होती रही, तो आम नागरिक और डोंगरगढ़ शहर के नगरवासियों को अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने का कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। विधायक श्रीमति बघेल ने इस बात पर जोर दिया कि जीवनदीप समिति की बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र के बेहतर संचालन और रोगी सुविधाओं को मजबूत करना होता है। उन्होंने कहा, अगर जीवनदीप समिति की बैठक सही ढंग से आयोजित की जाए, तो कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत हॉस्पिटल परिसर में सुधार किया जा सकता है और मरीजों को पहुंचने वाले लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंच सकेंगे।

विधायक ने आगे कहा कि, जीवनदीप समिति की बैठकें अस्पताल के संचालन, उपकरणों की खरीद, स्टाफ की व्यवस्था और मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। इसे रद्द किए जाने से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कई आवश्यक निर्णय अटक सकते हैं, जिसका सीधा असर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ सकता है। इस अवसर पर विजय राज चौहान, हरीश भंडारी, चुम्मन साहू, प्रकाश महानदी, बंटी गुप्ता, गजेंद्र साहू, दिनेश साखरे, मतीन खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सदस्यों की अनुपस्थिति को ध्यान में रखकर बैठक स्थगित की - बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ की बीएमओ डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री की अनुशंसा से मनोनीत किए गए सदस्यों द्वारा 2 दिसंबर की बैठक में अनुपस्थित रहने की जानकारी दी गई थी। जिस आधार पर बैठक को कैंसिल किया गया।

### अध्यक्ष ने किस नियम के तहत तीन सदस्यों को आमंत्रित किया - सुरेंद्र सिंह बन्नोआना

भाजपा के वरिष्ठ नेता व जीवनदीप समिति के सदस्य सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल पर दबावपूर्ण राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विधायक जो जीवनदीप समिति की अध्यक्ष भी है, वे बताएं की किस नियम के तहत बीएमओ पर दबाव बनाकर बैठक हेतु अपनी ओर से तीन सदस्यों को आमंत्रित किया गया।

# अपराध को बढ़ावा और आरोपियों को संरक्षित कर रही सरकार- कांग्रेस



**फर्जी नामांतरण, रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा, अवैध धान, किसान दिवस के आरोपी सभी भाजपाई - रूपेश दुबे**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं छग प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल के महामंत्री रूपेश दुबे ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में जिला कार्यालय के एन आई सी से से पटवारी हड़ताल अवधि में आईडी हैक कर फर्जी नामांतरण के आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक ना होने, 19 दिन में 5 करोड़ से अधिक का अवैध धान जप्त करने के बाद अपराध दर्ज न कर संलिप्त वाहनों को राजसात नहीं किया जाना, किसान दिवस के सरकारी आयोजन सुरगी में अनुसूचित जाति वर्ग की शासकीय महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार के आरोपी को एफ आई आर के बाद भी गिरफ्तार न करना,इसी प्रकार रजिस्ट्री ऑफिस में रामपुर की धनहा भूमि को पड़त बताकर भूमि में महुवा जैसे फलदार वृक्ष लगे होने के बाद भूमि को वृक्षविहीन दर्शा कर रजिस्ट्री पेपर तैयार करना और रजिस्ट्री के दिन रजिस्ट्री तारीख के बाद की तारीख के चेक का रजिस्ट्री में लिखे जाने का खेल चालू हो गया है ग्राम गठुला के मुख्य मार्ग में अवैध अतिक्रमण का मामला एस डी एम कोर्ट से अपील खारिज होने के एक साल बाद भी नहीं हटाया जाना पूरी तरह अवैध कार्य के साथ ही अपराध को बढ़ावा देने वाला कृत्य है इन सभी मामलों में भाजपा के लोग सीधे तौर पर संलिप्त है जिसके चलते इन्हें भाजपा सरकार का संरक्षण प्राप्त है और अपराधियों के हौसले बुलंद होने के कारण अपराध की नई गाथाएं लिखी जा रही है।

# कबाड़ी संचालक ने लोहे की राड से वर्करों पर किया प्राणघातक हमला

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर में बीते रविवार की सुबह करीब 10.50 बजे एक अमानवीय कृत्य सामने आयी है. जिसने लोगों के मन में आक्रोश और भय पैदा कर दिया है. कबाड़ी वर्करों का किसी अन्य कबाड़ी में जाकर कार्य करना सल्लू कबाड़ी संचालक को इतना नागवर गुजरा की उसने पांच वर्करों की लोहे की राड से ताबड़तोड़ पिटाई कर दी. पिटाई से किसी का हाथ टूटा है तो किसी का जबड़ा सूज गया है और किसी को अंदरूनी चोंटे आयी है. प्रार्थियों ने घटना की रिपोर्ट गंडई थाने में दर्ज कराया है. इन मजदूरों का गुनाह सिर्फ इतना था कि सल्लू कबाड़ में एक सप्ताह तक काम बंद होने के कारण वे छुईखदान के किसी अन्य कबाड़ी दुकान में काम करने चले गये थे. इससे नाराज होकर सल्लू कबाड़ी के संचालक शबाब मेमन ने घटना को अंजाम दिया है.

अब सवाल यह बनता है कि वे मजदूर हैं जहां चाहे वहाँ काम कर सकता है. कोई प्रतिबंध तो नहीं है. अगर मजदूर मजदूरी नहीं करेगा तो घर परिवार कैसे चलाएगा. अगर इतना ही था तो कबाड़ी संचालक उन मजदूरों को काम बंद होने का भी पेमेंट करते. इस घटना ने नगर में खलबली मचा रखी है. घायल मजदूर परिवार के लिए इलाज में 'ग़रीबी में आंटा गीला' वाली चरिथार्थ बन कर रह गया है.




पीड़ित व उनके परिजनों ने बताया कि अश्वनी चतुर्वेदी, अनिल (गब्बर) चतुर्वेदी और कुमार मार्कंडेय नगर के टिकरीपारा प्रवेश द्वार के पास खड़े हुए थे. उसी समय बोलेरो वाहन रुकी. जिसमे से शबाब मेमन और आसिफ खान वाहन से नीचे उतरे. वाहन में पहले से ही रखे लोहे की राड से कबाड़ी संचालक शबाब मेमन मजदूरों पर ताबड़तोल वार करना शुरु कर दिये. तीसरे वर्कर कुमार मार्कंडेय को जमीन से उठा कर सीधा जमीन पर पठक दिया जैसे कोई समान का बोरा हो. वाहन में ड्राईवर सहित चार लोग सवार थे. कबाड़ी संचालक शबाब मेमन, अयान मेमन, आसिफ खान और गाड़ी ड्राइवर संजय यादव शामिल है. वारदात की घटना पास के ही दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गया है. कैमरे में साफ साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी ने कितनी निर्ममता से उन पर वार किया है. इतने में भी जब आरोपियों का मन नहीं भरा तो वे एक वर्कर खेलन मार्कंडेय का उसके घर टिकरी पारा में जाकर उनकी भी राड से पिटाई कर दी. खेलन इस समय खाना खाने बैठा हुआ था. साथ ही पास में खड़े एक अन्य वर्कर मनोज यादव को मार कर फरार हो गये. जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इस तरह आरोपी ने एक एक कर के पांच मजदूरों को मारा है. सभी घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई लाया गया था. जहां से अश्वनी चतुर्वेदी और खेलन मार्कंडेय को रेफर कर दिया गया है. जिसका खैरागढ़ के निजी हॉस्पिटल में इलाज जारी है. वहीं कुमार मारकंडेय, मनोज यादव और अनिल चतुर्वेदी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई से छुट्टी दे दिया गया है.

**० घटना सीसी कैमरे में कैद**
**० किसी का हाथ टूटा तो किसी का जबड़ा सूजा**

### 225 नग नशीले गोली बरामद

घटना के ही दिन गंडई पुलिस ने मारपीट में प्रयुक्त वाहन के साथ शबाब मेमन पिता स्व. मरहूम सल्लू मेमन उर्म 21 साल निवासी वार्ड क्रमांक 15 दुर्ग रोड गंडई को अवैध नशीले गोली के साथ गिरफ्तार किया है. शबाब मेमन नशीली दवाई खाने और बेचने का आदि है. आरोपी के पास से उनके बोलेरो क्रमांक सीजी-09/जेए 6264 पर 320 नग अवैध नशीली दवाई बरामद की है. पुलिस ने दवाई से संबंधित दस्तावेज मांगा जिस पर आरोपी ने अनभिज्ञता जाहिर की. जिसे धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है. साथ ही मारपीट की घटना को अंजाम देने की जुर्म मे भी शबाब मेमन और आसिफ खान को भेजा गया है.

## सीआरसी को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सामाजिक कल्याण निदेशालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूरजपुर जिले में राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में दिव्यांग पुनर्वास, सशक्तिकरण तथा समावेशी विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थानों एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव को दिव्यांग सेवाओं एवं पुनर्वास में उत्कृष्टता हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार निदेशक सीआरसी डॉ. स्मिता महोबिया द्वारा ग्रहण किया गया।

# ग्राम पंचायत घुपसाल कु.के ग्रामसभा में रबी सीजन में धान के बदले अन्य फसल लेने का प्रस्ताव पास, धान फसल को किया गया पूर्णतः प्रतिबंधित



राजनांदगांव (दावा)। जिले में भू-जल स्तर के लगातार गिरावट के दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत घुपसाल कु में ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रीष्मकाल में भू-जल स्तर के गिरावट को ध्यान में रखते हुए रबी सीजन में धान फसल को पूर्णतः प्रतिबंध करते हुए धान के बदले अन्य फसल लेने का प्रस्ताव पास किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में धान फसल लेने से पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता है, जिससे गंभीर समस्या से गुजरना पड़ता है। ग्रीष्मकाल में धान फसल लेने वाले किसानों को ग्राम स्तर पर ग्रामीणों ने आर्थिक जुर्माना लगाकर दण्डित करने का फैसला भी लिया है। जिले में भू-जल स्तर के गिरावट के दृष्टिगत फसल चक्र परिवर्तन से पानी की बचत होगी तथा किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। पूर्णतः फसल चक्र परिवर्तन ग्राम पंचायत घुपसाल कु क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गए है। ग्राम घुपसाल कु के ग्रामीणों ने भू-जल स्तर को सुधारने स्वयं से अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया है। साथ ही नालों में पानी सहेजने श्रमदान से बोरी बंधान करके पानी रोकने में कामयाब हुए है। ग्राम स्तर के बैठक में जनपद पंचायत, कृषि विभाग, वन विभाग के अधिकारियों ने फसल चक्र परिवर्तन के बारे मे ग्रामीणों को अवगत कराया, साथ ही अन्य फसल के फायदे एवं मार्केटिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# जिले में धान की खरीदी महाभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त





**अब तक जिले में 23379 पंजीकृत किसानों से 283 करोड़ 72 लाख 41 हजार रूपए मूल्य का 1194138.80 क्विंटल धान की खरीदी**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान की खरीदी महाभियान के लिए किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 23379 पंजीकृत किसानों से 283 करोड़ 72 लाख 41 हजार रूपए मूल्य का 1194138.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# रेवंत रेड्डी को सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पढ़नी चाहिए - अरुण गुप्ता



राजनांदगांव (दावा)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा हाल ही में दिए गए बयानों को लेकर विश्व हिंदू परिषद के छत्तीसगढ़ विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अरुण कुमार गुप्ता ने कड़ा विरोध जताया है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेड्डी मानसिक रूप से दिवालियापन की स्थिति में पहुँच चुके हैं और राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू समाज की आस्था से जुड़े देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं।

अरुण गुप्ता ने कहा कि जिन हिंदुओं के वोट से रेवंत रेड्डी सत्ता में आए, उन्हीं की भावनाओं को आहत करने वाले बयान देना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का हनुमान जी पर दिया गया वक्तव्य घोर आपत्तिजनक है और यह साफ दर्शाता है कि उन्हें सनातन धर्म का ज्ञान नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बिना सिर-पैर के बयान दे रहे हैं। गुप्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री जनता की आस्था का सम्मान नहीं करेंगे, तो हिंदू समाज उनका कड़ा प्रतिकार करने में पीछे नहीं हटेगा। अरुण गुप्ता ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि वे अपनी बुद्धि और विवेक को शांत व सकारात्मक बनाने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करें। उन्होंने कहा कि हनुमान जी बल, बुद्धि और विद्या के दाता हैं और यदि रेवंत रेड्डी अपने बयान पर माफी मांग लें, तो उनके पाप क्षम्य हो सकते हैं। अन्यथा, उन्होंने आशंका जताई कि उनका राजनीतिक पतन निश्चित है।

## राज्य में सर्वाधिक रकबा समर्पण राजनांदगांव जिले में

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले में कुल 131437 कृषकों द्वारा कुल 149402.17 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार किसानों को धोखे में रखकर अवैध धान किसानों के रकबे में धान बेचने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन की अपील पर जिले के किसानों द्वारा अपने उपज का सम्पूर्ण धान बेचने के बाद स्वेच्छा से रकबा समर्पण के कार्य में शासन का सहयोग किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम धरमुटोला के किसान सुनेश मंडावी द्वारा 4.14 एकड़, ग्राम मगरधोखरा के किसान श्रीमती गंगा बाई द्वारा 1.42 एकड़ एवं ग्राम हालेकोसा के किसान तिजऊ राम द्वारा 1.87 एकड़ रकबा का समर्पण किया गया है। इसी प्रकार आज 1015 किसानों ने स्वेच्छा से 239 एकड़ रकबा का समर्पण किया है। जिले में अब तक 5781 किसानों द्वारा स्वेच्छा से 1190.21 एकड़ रकबा समर्पण किया गया है।

# आज 6 प्रकरणों में 24 लाख 75 हजार 40 रूपए मूल्य के 798.40 क्विंटल (1996 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 6 प्रकरणों में 24 लाख 75 हजार 40 रूपए मूल्य के 798.40 क्विंटल (1996 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 150 प्रकरणों में 5 करोड़ 71 लाख 2 हजार 806 रूपए मूल्य के 18420.26 क्विंटल (46051 बोरा) अवैध धान एवं 11 वाहन जप्त किया गया है।



प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 14 लाख 89 हजार 240 रूपए मूल्य के 480.40 क्विंटल (1201 बोरा) अवैध धान एवं 1 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 2 प्रकरण में 9 लाख 11 हजार 400 रूपए मूल्य के 294 क्विंटल (735 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 74 हजार रूपए मूल्य के 24 क्विंटल (60 बोरा) अवैध धान व 1 वाहन जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 62 प्रकरणों में 3 करोड़ 34 लाख 3 हजार 120 रूपए मूल्य के 10775.20 क्विंटल (26938 बोरा) अवैध धान व 4 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 44 प्रकरण में 1 करोड़ 18 लाख 2 हजार 506 रूपए मूल्य के 3807.26 क्विंटल (9518 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 44 प्रकरणों में 1 करोड़ 18 लाख 97 हजार 180 रूपए मूल्य के 3837.80 क्विंटल (9595 बोरा) अवैध धान एवं 5 वाहन जप्त किया गया है।

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

# कौशल विकास व फैशन टेक्नोलॉजी की बारीकियों से रुबरु हुई छात्राएं



राजनांदगांव (दावा)। शा. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग की छात्राएँ पाठ्यक्रमानुसार शैक्षणिक भ्रमण पर एटीडीसी रायपुर पहुँचीं। प्राचार्य डॉ. जयसिंह साहू की अनुमति से आयोजित इस भ्रमण में विभागाध्यक्ष श्रीमती ममता आर. देव, डॉ. अर्चना खरे और रिया तिवारी भी शामिल रहीं। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने एटीडीसी में आधुनिक गारमेंट टेक्नोलॉजी, पैटर्न मेकिंग लैब, सिलाई-फिनिशिंग यूनिट तथा इंडस्ट्रियल और एम्ब्रॉयडरी मशीनों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने फैशन डिजाइनिंग कोर्स के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों फैशन डिजाइनर, स्टाइलिस्ट, टेक्सटाइल/ गारमेंट मर्चेंडाइजर, पैटर्न मेकर, सैंपल डेवलपर, बुटीक एवं उद्यमिता और फैशन इलस्ट्रेटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।छात्राओं ने उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली समझी और आधुनिक तकनीकों का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया। शिक्षकों का कहना है कि ऐसे उद्योग-संपर्क कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें रोजगार व उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर देते हैं। श्रीमती ममता आर. देव ने एटीडीसी रायपुर की विशेषज्ञ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा दी गई जानकारी छात्राओं के करियर निर्माण में बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह के कौशल आधारित शैक्षणिक एवं उद्योग संपर्क कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**(विशेष सीमित ई निविदा)**
**(सिंगल पैकेट सिस्टम)**
**निविदा क्र.:** सी.ई.सी-एन.जी.पी.-25-26-05
दिनांक: 13.11.2025
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में डोंगरगढ़-गोंडिया के बीच चौथी लाइन की प्रस्तावित परियोजना के संबंध में छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले में निजी भूमि का अधिग्रहण, वन भूमि का डायवर्जन, वन मंजूरी और वन्यजीव मंजूरी प्राप्त करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 60,63,600/-
**अमानत राशि:** ₹ 1,21,300/-
**निविदा दस्तावेज़ की लागत:** शून्य
**कार्य पूरा होने की अवधि:** 12 (बारह) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
**निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 09.12.2025 को 15:00 बजे।
**निविदा खोलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 09.12.2025 को 15:30 बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज़ का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंध पश्चिम अधिकारी निर्माण एस. ई. सी. रेलवे नागपुर-440001 अथवा उपयुक्त अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है व उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
उप मुख्य अभियंता निर्माण, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/47-218
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

**मायूस नहीं होना चाहिए, जिंदगी कहीं से भी शुरू हो सकती है।**

## सदाबहार मित्र के साथ शिखर वार्ता, मास्को ने दिल्ली को कभी निराश नहीं किया

यह शिखर सम्मेलन उसकी प्रतिबद्धताओं पर नए सिरे से प्रकाश डालने का ही काम करेगा। यह सही है कि बदली हुई वैश्विक परिस्थितियों और सामरिक खरीदारी में विविधीकरण के भारतीय प्रयासों के बीच रूस की भारतीय हथियार बाजार में हिस्सेदारी कम हो रही है, लेकिन वह एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता तो बना ही रहेगा।

आज से दो दिवसीय भारत-रूस शिखर सम्मेलन आरंभ होने जा रहा है। इसमें अन्य अनेक मुद्दों के साथ ही रक्षा सहयोग पर गहन चर्चा की उम्मीद है। इस दौरान दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच भी बैठक होगी। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच यह इस साल की दूसरी बैठक है। इस दौरान कई समझौतों पर मंथन होगा। समझौतों के लिए वार्ता के इस क्रम में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400, पांचवीं पीढ़ी के सुखोई विमानों की खरीद और विभिन्न रक्षा उपकरणों के साझा उत्पादन जैसे प्रमुख पहलू शामिल होंगे। शीत युद्ध के दौर से ही रूस भारत का सबसे प्रमुख रक्षा साझेदार बनकर उभरा है, जिसने समय-समय पर भारत को प्रमुख हथियारों की आपूर्ति अनवरत बनाए रखी। प्रगाढ़ होते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को कई पहलुओं ने प्रेरित किया है।

मास्को ने नई दिल्ली के साथ सैन्य तकनीक साझा करने और भारत में निर्माण की मंशा से 1962 में मिग-21 के उत्पादन की दिशा में पहल की थी। उसी दौर में अमेरिका सैन्य साजोसामान की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने में लगा हुआ था। अमेरिका द्वारा 1965 में लगाए गए ऐसे प्रतिबंधों के उलट पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने 1967 में भारतीय वायु सेना को सुखोई-7 बमवर्षक विमानों की आपूर्ति करके उसे सशक्त बनाया। ये विमान प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के पास उस समय उपलब्ध विमानों की तुलना में कहीं अधिक उन्नत थे।

उसके अगले दशक में सोवियत संघ ने रक्षा विविधीकरण से जुड़ी भारत की संवेदनशीलता एवं आवश्यकताओं को समझते हुए उसे उन्नत हथियारों एवं तकनीक से लैस करने के प्रयास तेज किए। इनमें टैंक, लड़ाकू विमानों, मिसाइल की आपूर्ति के साथ ही युद्धपोतों को उन्नत बनाया गया। दोनों देशों के बीच विश्वास का ऐसा भाव बढ़ा कि सोवियत संघ ने 1987 में भारत को परमाणु संचालित पनडुब्बी भी लीज पर दी। इसके बाद एक ऐसा समय आया कि सोवियत संघ स्वयं आंतरिक उथल-पुथल से ग्रस्त हुआ और उसका स्वाभाविक असर भारत के साथ रक्षा सहयोग पर भी पड़ा। हालांकि इस सदी के पहले दशक में नवीन स्वरूप में रूस ने इस साझेदारी को नए सिरे से आगे बढ़ाना शुरू किया। इस अवधि में रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों और उपकरणों में विमान, हेलीकाप्टर, युद्धक टैंक, मिसाइलें, फ्रिगेट और पनडुब्बियां शामिल थीं।

रूस ने एक नई परमाणु संचालित पनडुब्बी लीज पर देने के अलावा विमान वाहक पोत के स्तर पर भी सहयोग किया। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों की मजबूती का आकलन इसी से किया जा सकता है कि तमाम आवश्यकताओं के लिए भारत आज भी रूसी प्लेटफार्म की ओर देखता है। टी-72 और टी-90 जैसे युद्धक टैंक भारतीय सेना के टैंक बेड़े की बुनियाद बने हुए हुए हैं। इसी तरह सुखोई एसयू-30 विमान को भारतीय वायु सेना की रीढ़ माना जाता है। ब्रह्मोस मिसाइल को अगर दोनों देशों के सामरिक सहयोग एवं संयुक्त उत्पादन क्षमताओं का शिखर कह दिया जाए तो कहीं गलत नहीं होगा। इस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर ऐसा कहर बरपाया कि दुनिया के तमाम देश इसे खरीदने की कतार लगाए हुए हैं। ब्रह्मोस को और उन्नत एवं मारक बनाने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है।

भारत-रूस रक्षा साझेदारी की निरंतरता एवं स्थायित्व में कोई आश्चर्य की बात नहीं है। यह साझेदारी हर कसौटी पर खरी उतरी है। इसमें कभी गतिरोध या अविश्वास का भाव नहीं रहा। यही कारण है कि दूसरे देशों से रक्षा खरीद के साथ ही आज भी भारत के लिए रूसी सैन्य उपकरणों के लिए रखरखाव और पुर्जों की आवश्यकता बनी हुई है। अच्छी बात है कि भारत अब टैंकों और लड़ाकू विमानों के लिए नए इंजनों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रूस द्वारा नए इंजनों के विकास से भारत को भी अपना बेड़ा उन्नत बनाने का अवसर मिल रहा है। मास्को द्वारा सुखोई एसयू-30एमकेआइ बेड़े के लिए उन्नत एएल-41 इंजनों

कोई भी साझेदारी परस्पर हितों को सम्मान देने पर ही समृद्ध होती है और इस मामले में मास्को ने कभी निराश नहीं किया। तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय उत्पादन के भारत के आग्रह को समझते हुए रूस की प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही है। सुखोई एसयू-57 विमानों के हालिया सौदे में इसके संकेत भी मिले हैं। सामुद्रिक मोर्चे पर भारत की सामरिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक पोत बनाने के लिए गैस टरबाइन जैसे प्रमुख घटक की आपूर्ति को लेकर भी रूस ने प्रभावी समाधान निकालने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

आपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 प्रणाली कितनी उपयोगी साबित हुई, उसे फिर से बताने की आवश्यकता नहीं। रूस की इस कारगर हथियार प्रणाली की महत्ता को समझते हुए ही भारत ने इसका बेड़ा बढ़ाने का फैसला किया है। करीब 120, 200, 250 और 380 किलोमीटर मारक क्षमताओं वाली एस-400 खरीदने से जुड़े अनुबंध पर चर्चा जारी है। चूंकि यह वार्ता अभी आरंभिक चरण में है, इसलिए उसमें कुछ समय लग सकता है। इसके अलावा यूक्रेन युद्ध में रूस की सक्रियता भी इसमें कुछ देरी का कारण बन सकती है। यह बहुत स्वाभाविक है कि यूक्रेन युद्ध के कारण रूस की पहली प्राथमिकता अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की होगी। इसके बावजूद भारत की आवश्यकताओं को लेकर रूस की कोई उदासीनता नहीं दिखी।

# दुनिया की सबसे तेज़ अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत का रुपया दबाव में, क्या हैं संकेत?

**दिलनवाज़ पाशा**

भारत सरकार ने हाल ही में बताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 8.2 प्रतिशत रही है. एक तरफ़ भारत के आर्थिक विकास के ये आँकड़े हैं और दूसरी तरफ़ भारतीय रुपये में लगातार गिरावट जारी है. एक अमेरिकी डॉलर का भाव तकरीबन 90 रुपए पहुँचने ही वाला है. सोमवार, 1 दिसंबर 2025 को भारतीय रुपया हल्की गिरावट के साथ डॉलर के मुक़ाबले 89.63 के स्तर पर था. पिछले वित्तीय वर्ष में डॉलर के मुक़ाबले रुपए का निचला स्तर 84.22 रुपये प्रति डॉलर था, जबकि पाँच साल पहले जनवरी 2021 में रुपया डॉलर के मुक़ाबले 72 रुपए प्रति डॉलर के आसपास था. पिछले पाँच साल से अमेरिकी डॉलर के मुक़ाबले भारतीय रुपया लगातार गिर रहा है जबकि इस दौरान भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर ठीक-ठाक और दुनिया के कई देशों के मुक़ाबले बेहतर रही है. पिछले दिनों जब भारत ने साल 2030 में अपना अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बताया, तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने भारत की जीडीपी और नेशनल अकाउंट्स यानी आँकड़ों को सी रेटिंग देकर भारतीय आँकड़ों की गुणवत्ता पर ही सवाल उठा दिए.

बता दें कि आईएमएफ़ चार श्रेणियों में डेटा को विभाजित करता है. सी ग्रेड का मतलब है कि डेटा में कुछ कमियाँ हैं, जो निगरानी की प्रक्रिया को कुछ हद तक प्रभावित करती हैं.

वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय रुपया डॉलर के मुक़ाबले 6.19 प्रतिशत गिर चुका है, जबकि पिछले एक महीने में ही यह गिरावट 1.35 प्रतिशत की रही है. हाल के दिनों में रुपए में डॉलर के मुक़ाबले सबसे तेज़ गिरावट आई है. इस लिहाज़ से रुपया एशिया की सबसे कमज़ोर मुद्रा बन गया है.जेएनयू में अर्थशास्त्र के प्रोफ़ेसर अरुण कुमार का मानना है कि रुपए का कमज़ोर होना दर्शा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की साख कमज़ोर हो रही है.

व्यापार घाटा, विदेशी निवेश का बाहर जाना (आँकड़ों के मुताबिक़ 16 अरब डॉलर से अधिक का इक्विटी आउटफ़्लो) और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में देरी इसके कारण हैं.

प्रोफ़ेसर अरुण कुमार कहते हैं, रुपए की गिरावट भारत की अंतरराष्ट्रीय साख और आर्थिक स्थिति का संकेत है, जो निर्यात-आयात, पूँजी प्रवाह और अमेरिकी टैरिफ़ से प्रभावित होती है. ट्रंप के ऊँचे टैरिफ़ ने हमारे निर्यात को नुक़सान पहुँचाया है, जिससे




करंट अकाउंट ख़राब हो रहा है और एफ़डीआई बाहर जा रहा है. ये सब मिलकर रुपए को कमज़ोर कर देते हैं. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ाइनेंस की अर्थशास्त्री यामिनी अग्रवाल मानती हैं कि भारत की जीडीपी ग्रोथ और रुपए के कमज़ोर होने को एक साथ देखना सही आकलन नहीं है. विश्लेषक इसे लेकर हैरान भी हैं कि 8.2 प्रतिशत की विकास दर का आँकड़ा आने के बाद भी शेयर बाज़ार में वो गर्मजोशी नहीं दिखाई दी, जिसकी उम्मीद की जा रही थी.

यामिनी कहती हैं, डॉलर के मुक़ाबले रुपए की क़ीमत अंतरराष्ट्रीय डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करती है. यह दिसंबर का महीना है और इस समय बैलेंस शीट को देखा जाता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह समय क्लोज़िंग का होता है. ऐसे में भारत में बहुत से विदेशी निवेशक और अन्य निवेशक मुनाफ़ा वसूली कर रहे हैं ताकि वे अपने देश में अपनी बैलेंस शीट को मज़बूत दिखा सके. इस महीने में ख़रीद फ़रोख़्त बहुत होती है, जिसका भी असर अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में रुपए की क़ीमत पर दिख रहा है.

प्रोफ़ेसर अरुण कुमार कहते हैं कि रुपए के कमज़ोर होने का असर भारत में घरेलू बाज़ार पर भी हो सकता है, यह चिंता की बात इसलिए भी है क्योंकि रुपया गिरने से हमारा एक्सपोर्ट तो बढ़ेगा, लेकिन इंपोर्ट महंगा हो जाएगा, जिससे महंगाई बढ़ सकती है. वह कहते हैं, अगर भारत का कैपिटल, एफ़डीआई या एफ़आईआई वगैरह में है, तो इसका असर हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे स्टॉक मार्केट पर पड़ेगा. बहुत कुछ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों पर निर्भर करता है. क्योंकि ट्रंप की नीतियाँ अंतरराष्ट्रीय कारोबार को प्रभावित कर रही हैं. उनसे अगर भारत के बैलेंस ऑफ़ पेमेंट पर असर होता है तो रुपए की क़ीमत और भी कम हो सकती है.

भारत की अर्थव्यवस्था ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.2त्न दर्ज की, जो अपेक्षाओं से कहीं अधिक रही. इस मायने में भी कि पिछले साल इसी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ का आँकड़ा 5.6त्न था. ये पिछले छह महीने में विकास की सबसे तेज़ रफ़्तार है.

हालाँकि, इसी दौरान नॉमिनल जीडीपी दर 8.7 प्रतिशत रही. वास्तविक जीडीपी दर और नॉमिनल जीडीपी दर के बीच साल 2020 के बाद से यह सबसे कम अंतर है. क्रिसिल (क्रेडिट रेटिंग इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड) के मुख्य अर्थशास्त्री डीके जोशी कहते हैं, भारत की विकास दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही जो उम्मीद से काफ़ी बेहतर है. इसका मुख्य कारण निजी उपभोग का बढ़ना रहा है. खाद्य महंगाई कम हुई है जिसकी वजह से विवेकाधीन ख़र्च भी बढ़ रहा है. क्रिसिल ने भारत की विकास दर के अपने अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है. भारत के विकास के आँकड़े प्रभावशाली तो हैं, लेकिन इनकी विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रोफ़ेसर अरुण कुमार कहते हैं, आईएमएफ़ ने जीडीपी गणना की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है. भारत के असंगठित क्षेत्र का डेटा नहीं आता. इसका आधार 2011-12 है, जो पुराना है. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी अपडेटेड नहीं है. उत्पादन और व्यय विधि में महत्वपूर्ण असंगति है, साथ ही राज्यों और स्थानीय निकायों का समेकित डाटा 2019 के बाद नहीं मिला. इन वजहों से हमारे जीडीपी आँकड़ों की विश्वसनीयता कमज़ोर है. इसलिए 8.2त्न की विकास दर को कई लोग स्वीकार नहीं करते. लेकिन यामिनी अग्रवाल 8.2 प्रतिशत विकास दर के आँकड़े को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत मानती हैं. प्रोफ़ेसर अग्रवाल कहती हैं, जीडीपी वृद्धि सभी आर्थिक संकेतकों को दर्शाती है कि भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है. जीएसटी दरों में कमी ने इस तिमाही में सीधा सकारात्मक असर डाला. हालाँकि, निम्न मुद्रास्फ़ीति चिंताजनक है - जीएसटी और क़ीमतों में गिरावट से डिफ़्लेशन की स्थिति बन रही है, जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए. वहीं डीके जोशी कहते हैं, वास्तविक जीडीपी में बढ़ोतरी उत्साहवर्धक है लेकिन महंगाई में गिरावट की वजह से नाममात्र जीडीपी में मामूली बढ़ोतरी के कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं.

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: इंद्रियों पर नियंत्रण के अभ्यास और ईश्वर के ध्यान से आती है बुद्धि में स्थिरता

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



बुद्धि के स्थिर नहीं होने और चलायमान होने से ही सारी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। बुद्धि स्थिर होगी कब ? जब हमारा मन अपने नियंत्रण में रहेगा। जब इस मन में दिन भर में हजारों की संख्या में व्यर्थ विचार नहीं आएंगे। अगर विचार आएंगे भी तो ये मनुष्य को प्रभावित नहीं करेंगे।

हमारा स्वयं पर नियंत्रण नहीं है, इसका एक छोटा सा उदाहरण है।हम सड़क पर वाहन लेकर निकलते हैं तो चाहते हैं कि ब्रेक न लगाना पड़े। ट्रैफिक के कारण कुछ सेकंड के लिए भी रुकना पड़ा, तो यहां तक कि हम चौक चौराहों के सिग्नल की भी अवहेलना कर जल्दी निकलने की फिराक में रहते हैं। हम तभी रुकेंगे जब सड़क के उस ओर किसी यातायात सिपाही को मुस्तैद देख लें। यह सब हमारा बाह्य उत्प्रेरित व्यवहार है और हमारा स्वयं पर, अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण नहीं है।

विचारों के झंझावात को रोकने के लिए मनुष्य का अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण आवश्यक है। बुद्धि की स्थिरता के लिए मन को भटकाने वाले उत्प्रेरक विचारों और कार्यों पर रोक लगना आवश्यक है। यह केवल सोचने से संभव नहीं है। इसके लिए इंद्रियों का संयम आवश्यक है,जिसके लिए आवश्यक होती है,दृढ़ इच्छाशक्ति। दृढ़ इच्छा शक्ति के बाद भी मनुष्य का मन कभी-कभी विचलित हो जाता है और वह इंद्रियों के विषय सुख की ओर आकर्षित हो जाता है। ऐसे समय में ध्यान और योग उसके मन की स्थिरता में अपनी निर्णायक भूमिका निभाता है। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण है अपनी-अपनी आस्था के अनुसार अपने आराध्य का ध्यान और उनका नाम स्मरण। यह न सिर्फ संतुलित कार्य करने में सहायक है, बल्कि यह व्यक्ति के विचारों को भी शुद्ध और परिष्कृत करता है।

**स्रोत श्लोक: -**

*भगवान श्री कृष्ण ने गीता में*
*अर्जुन से कहा है,*
*तानि सर्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्परः।*
*वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा*
*प्रतिष्ठिता।।2/61।।*

इसका अर्थ है, हे अर्जुन! साधक उन सम्पूर्ण इन्द्रियों को वश में करके मेरे परायण होकर ध्यान में बैठे; क्योंकि जिस व्यक्ति की इन्द्रियाँ वश में हैं,उसकी बुद्धि स्थिर हो जाती है।

## शब्द सामर्थ्य - 248

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 247 का हल

## सू- दोकू क्र. 248

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.247 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

### मजाक में भी फेल हो गये

खबर पढ़कर
बाली बोले - गजाधर !
कांग्रेस ने एक बार फिर
अपनी समझ से पीएम मोदी जी को छेड़ दिया।
कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता
रागिनी नायक ने एक्स पर
मोदी जी का एआई से बनाया गया
एक वीडियो शेयर किया।
मात्र छह सेकेण्ड के इस वीडियो में
मोदी जी को चाय वाला दिखाया गया है।
उनसे, एक हाथ में केतली,
दूसरे हाथ में ग्लास पकड़े,
'चाय बोलो! चाय चाहिए !!'
बुलवाया गया है।
इस मजाक का मतलब क्या है,
मैं कुछ समझ नहीं पाया गजाधर !
देखिए, मोदी जी ने तो खुद कहा है,
कि वे बचपन में चाय बेचते थे।
तो आज आप क्या कहेंगे इस पर ?
गजाधर मुस्कराए, बोले- बानी!
भाजपा अब जीतती चली जा रही है,
और कांग्रेस हारती चली आ रही है।
तो कांग्रेसी, क्या करें, क्या न करें,
इसी उधेड़बुन में खो गये है।
मोदी जी का मजाक
उड़ाने की कोशिश की,
तो मजाक में भी फेल हो गये है।
गुरूवार 4/12/25



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### क्या यही है जीवन

मिट्टी का तन, मस्ती का मन,
क्षण भर जीवन, क्या यही है जीवन।।
मिला नहीं, जन से जन,
मन से मन, जिंदा है बेमन।।
मन की मोह, तन की चाह,
रहे हमेशा लालसा, धन की राह।।
यह मेरा, वह तेरा,
लड़े जन से जन, क्या यही है जीवन।।
क्या बचपन, क्या यौवन,
नहीं कोई प्रयोजन, क्या यही है जीवन।।
बनकर मानव, चले भुजंग पथ,
मिला है मानुष काया, चल तू अधिरथ।।
मृगतृष्णा के पीछे, सारा जीवन भागा,
अज्ञानी और अहंकार से रहेगा अभागा।।
'राम' पूछता है, क्या यही है जीवन...।।

रामलाल साहू, कलेवा
राजनांदगांव




## राशिफल

**मेष** — आज आपको आर्थिक मामलों और लेन-देन के मुद्दों पर सतर्क रहने की जरूरत है. विवाद से बचें अन्यथा परिवार के सदस्यों के साथ झगड़ा बढ़ सकता है. खाने-पीने में सावधानी रखें. आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है. आज समय से भोजन भी नहीं मिलेगा. अनावश्यक मामलों पर खर्च हो सकता है.

**वृष राशि** — आपका आज का दिन लाभकारी होगा. शारीरिक और मानसिक रूप से आज आप काफी स्वस्थ रहेंगे. पूरे वक्त ताजगी का अनुभव करेंगे. आप अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर पाएंगे. आर्थिक योजना बना सकेंगे. धन लाभ होने की भी संभावना है. परिवार के साथ आपका समय आनंद से गुजरेगा. आज नए कपड़े व गहने खरीद सकते हैं.

**मिथुन** — आज आपके लिए छोड़ने का दिन है। अगर आप सिंगल हैं तो कोई पुरानी याद या पुराना इंसान फिर से आपके सामने आ सकता है। उसे अब दिल से माफ कर दें। इससे आप आसानी से आगे बढ़ पाएंगे। अगर आप रिश्ते में हैं तो किसी भी तरह की गलतफहमी ना पैदा होने दें। पुराने मन-मुटाव और अनकही बातें सिर्फ चीजों को उलझाती हैं।

**कर्क** — आज दिल की सच्चाई बोलने का समय है। अगर सिंगल हो तो सही वक्त का इंतज़ार मत करो–जो महसूस करते हो, सीधे कह दो। कुछ नया शुरू हो सकता है। रिलेशन में हो तो आज साफ-साफ बात करो, चाहे जो भी मन में चल रहा हो। खुलकर बात करने से भावनाएं और गहरी हो सकती हैं।

**सिंह** — आज कुछ ऐसा मिलने वाला है जो आपके दिल को छू लेगा। अगर आप सिंगल हैं तो किसी का केयर करना आपको पसंद आएगा। आप हिंट को समझने की कोशिश करें। अगर आप रिलेशनशिप में हैं तो कोई छोटा सा जेस्चर आपको आपके पार्टनर के करीब लाएगा। जल्दबाजी ना करें। आपको जो चाहिए वो आपके बहुत ही करीब है।

**कन्या** — आज आपको किसी के साथ दिल से जुड़ाव सा महसूस होगा। अगर आप रिलेशनशिप में हैं तो आज पार्टनर से दिल से बात करें। उनकी बातों को भी ध्यान से सुनें। एक-दूसरे पर भरोसा करें। असली समझ यही से शुरू होती है। चीजों को जबरदस्ती ना खींचें। नेचुरल चीजें अपने आप सही दिशा में होती जाती हैं।

**तुला** — परफेक्शन के इंतजार में मत बैठे रहें। ऐसा करने से देर भी हो सकती है। जो आपको पसंद करते हैं, वो आपको जैसे आप हो वैसे ही पसंद करते हैं। अगर आप रिश्ते में हैं तो अपनी गलतियों और डर को लेकर खुलकर बात करेंगे तो सुकून मिलेगा। सच्चा प्यार कभी भी परफेक्ट होने का नाटक नहीं करता है। आप जैसे हैं, वैसे ही रहें।

**वृश्चिक** — कभी-कभी खामोशी शब्दों से ज्यादा बोल जाती है। अगर आप सिंगल हैं तो किसी का जेस्चर उनकी फीलिंग्स का हिंट दे सकता है। अगर कोई कुछ ज्यादा ही मीठी बातें करें को उसमें ज्यादा ना उलझें। अगर आप रिश्ते में हैं तो आज कुछ बड़ा करने की जरूरत नहीं है। पार्टनर के साथ शांति से घर में समय बिताएं।

**धनु** — आज अपने लिए और अपने प्यार के लिए थोड़ा समय निकालने की कोशिश करें। अगर आप सिंगल हैं तो एक अच्छी बातचीत भी किसी के दिल में कुछ जगा सकती है। अगर आप रिलेशन में हैं तो हर वक्त भागने की बजाय थोड़ा रुककर अपने पार्टनर के साथ समय बिताइए। ध्यान भटकने से कनेक्शन कमजोर होता है।

**मकर** — आज आपकी पर्सनैलिटी में एक अलग ही आकर्षण नजर आएगा। अगर आप सिंगल हैं तो आपकी स्माइल देखकर कोई आपकी ओर खींचा चला आ सकता है। वहीं अगर आप रिश्ते में तो आप अपनी मौजूदगी से पार्टनर को अच्छा फील करवा सकते हैं। आपके होने से उन्हें सुकून मिलेगा। चीजें खुद-ब-खुद अच्छी होती जाएंगी।

**कुंभ** — आज आपकी थोड़ी पुरानी यादें ताजा हो सकती हैं। कोई दोस्त, कोई जगह या कोई बात आपको फिर से पुराने रिश्ते की ओर खींच सकती है। अगर आप सिंगल हैं तो पुराना प्यार फिर वापस आ सकता है। अगर आप पहले से ही रिलेशन में हैं तो आज पार्टनर के साथ किसी पुरानी अच्छी याद को फिर जी सकते हैं।

**मीन** — आज पार्टनर से प्यारी-प्यारी बातें करने का मन करेगा। हालांकि आज किसी भी फैसले को जल्दबाजी में ना लें। सब कुछ नेचुरल तरीके से आगे बढ़ने दें। अगर जल्दबाजी में कोई फैसला ले लेंगे तो हो सकता है कि आगे चलकर पछताना पड़ें। प्यार को समय चाहिए होता है। जो जैसा हो रहा है, वैसा होने दीजिए।

# विश्व दिव्यांगजन जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुईखदान परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें जिले के दिव्यागजनों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग ने मिलकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ स्वागत गीत और सरस्वती वंदना कन्या शाला की बालिकाओं ने किया। मंच संचालन करने की जिम्मेदारी दिव्यांग कर्मचारी तुलेश्वर कुमार सेन को दी गई थी और उन्होंने बखूबी निभाते हुए 3 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस संयुक्त राष्ट्र ने 1992 में अपनी महासभा प्रस्ताव 47/3 के माध्यम से क्या कहा उनके उद्देश्यों महत्व, 2025 की थीम को बताया। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने सभी बच्चों निरंतर प्रयास करने के लिए कहा।शिक्षा समिति अध्यक्ष नवनीत जैन ने अपनी कविता द्वारा दिव्यांगो को मोटिवेट किया। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शासन प्रशासन से जो भी लाभ है,उन्हें हितग्राहियों तक पहुंचाने की बात कही और कहा जब भी आवश्यकता हो आप हमसे या हमारे अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। हम सब आपकी सेवा में हाजिर हैं।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी दिव्यांगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप कभी भी अपने आप को निगेटिव नहीं होने देना आप सकारात्मक



**जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सभी को नशा मुक्ति हेतु संकल्प कराया**

सोच के साथ आगे बढ़ते रहना पढ़ाई लिखाई को कभी बंद नहीं करना शासन प्रशासन तक आपकी बातों को पहुंचाने के लिए हम जनप्रतिनिधिगण उपस्थित हैं। अंत में सभी को मंच से नशा मुक्ति का संकल्प कराया और कहा हम सब को मिलकर खैरागढ़ छुईखदान गण्डई जिले को नशा मुक्त जिले बनाना है उसके बाद उपस्थित दिव्यांगों को आवश्यक उपकरण 4 दिव्यांगों को बैटरी चलित, 5 हस्त चलित एवं 2 को व्हील चेयर,6 को श्रवण बाधित यंत्र वितरण किया गया तीन दिव्यांग दंपत्तियों को 50 हजार का डमी चेक प्रदान किया गया और स्वास्थ परीक्षण कराया गया और हितग्राही चेक वितरण किया गया। स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, जिला पंचायत सी ई ओ पटेल सर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, एसडीएम अविनाश सिंह,शाला विकास समिति अध्यक्ष नवनीत जैन, रोशन चंद्राकर, भावेश कोचर,समाज कल्याण विभाग सहायक संचालक कमलेश कुमार पटेल, एपीसी शिरीष कुमार पांडे, आत्माराम साहू एपीसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत कुमार शर्मा, शाला के प्राचार्य अनिल कुमार पाल, राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक एवं नशा मुक्ति प्रचारक तुलेश्वर कुमार सेन, नवाचारी शिक्षक रूपेश कुमार देवांगन, नरोत्तम उर्वशा, बीआरसी प्रवीण राम टेके, खैरागढ़ बीआरपी आरती यादव दोनों जिला के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ दिव्यांग छात्र-छात्राएं और पालक शामिल हुए।

दिव्यांग बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आउट डोर खेल जिसमें गोली चम्मच, कुर्सी दौड़,मटका फोड़, 50/100 मीटर दौड़,गोला फेक, संपन्न कराया गया और सभी को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम का समापन रूपेश कुमार देवांगन द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने तुलेश्वर कुमार सेन द्वारा लगाया नशा मुक्ति नशा मुक्ति चित्र फ्लेक्स प्रदर्शनी का अवलोकन किया और राष्ट्रहित कार्यों के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी आप एक दिव्यांग होकर इस तरह जो कार्य कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है।

# पंथश्री हुजुर उदितमुनिनाम साहेब का प्रथम आगमन धर्मनगरी में, व्यवस्था में जुटे केडीवी मिशन कबीरपंथी प्रतिनिधि

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री सदगुरु कबीर-धनीधर्मदास-वंशावली दामाखेड़ा के 16वें वंश प्रतापाचार्य परम पूज्य पंथश्री हुजुर उदितमुनिनाम साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का प्रथम आगमन धर्मनगरी डोंगरगढ़ में दिनांक 10 दिसंबर 2025 को होने जा रहा है । पंथश्री का कार्यक्रम मेला ग्राउंड स्थल डोंगरगढ़ में आशीर्वचन, भेंटबंदगी, सत्संग के रूप में होना है। जिसमें राजनांदगांव जिला सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से हजारों की संख्या में कबीर पंथी अनुयायी आएंगे।



**श्री सदगुरु कबीर संत समागम समारोह, जिला स्तरीय कार्यक्रम**

उक्त कार्यक्रम को लेकर केडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधि आज डोंगरगढ़ मेला स्थल का निरीक्षण किया एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें अलग-अलग विभाग के प्रभारी बनाकर उन्हें उनके कार्यभार सौंपा गया।पंतश्री हुजूर उदितमुनिनाम साहेब का आगमन 10 दिसंबर दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे आगमन होगा। शोभा यात्रा के लिए रूट मैप तैयार किया गया। हाईस्कूल से गोल बाजार, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक, अंडरब्रिज होकर मेलाग्राउंड कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। केडीवी मिशन कबीरपंथी समाज जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ प्रतिनिधि के रूप में उत्तम साहू, नंद किशोर साहू, चुमन दास साहू, लीलदास महंत, गोपाल मानिकपुरी, योधन साहू, महेश साहू, नेमचंद साहू, भीखम साहू, कोमल साहू, रामजी तराने, कामेश साहू, घनश्याम साहू, पुरुषोत्तम मानिकपुरी, दुर्गा साहू, राजू मानिकपुरी, पुहुक साहू, बुधराम साहू, लोचन मानिकपुरी, निर्मल साहू, छबील साहू, राजकुमार गहरवार एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## बालक्रीड़ा में खो-खो में पथरी प्रथम

**राजेश मेश्राम**



जोंधरा (दावा) । आज साल्हे संकुल आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला बीरूटोला में संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला पथरी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालिका खो-खो प्रथम स्थान, बालक खो-खो द्वितीय स्थान इसी प्रकार व्यक्तिगत खेलों में भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं शासकीय प्राथमिक शाला पथरी ने द्वितीय चैंपियन का खिताब जीता। इस उपलब्धि पर शाला के प्रधान पाठक श्री राजकुमार ठाकुर , सहायक शिक्षक श्री भोज राम साहू, सहायक शिक्षक श्री भगवानी राम कन्नौजे, शाला प्रबंधन अध्यक्ष टकेश्वर देवांगन,ग्राम प्रमुख महेश साहू, गुहा देवांगन, रतन देवांगन,शाला परिवार एवं समस्त ग्रामवासी ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## सीनियर बालक वर्ग कबड्डी ट्रायल

डोंगरगांव (दावा) । राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को कोरबा में आयोजित है, जिसमें हिस्सा लेने हेतु राजनांदगाँव जिला कबड्डी टीम का गठन किया जाना है. चयन मैच 7 दिसंबर 2025 रविवार को समय प्रातः 10:30 से पुराना नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के मैदान में निर्धारित किया गया है. इस ट्रायल में राजनांदगाँव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया विकासखंड के सभी खिलाडी शामिल हो सकते है. उक्त जानकारी जिला कबड्डी संघ के सचिव तुलसी राम मंडावी ने दी है.

## तिलईरवार में 6 दिसंबर को मड़ई उत्सव

डोंगरगांव (दावा) । समीपस्थ ग्राम तिलईरवार में आगामी 6 दिसंबर शनिवार को मड़ई उत्सव का आयोजन किया गया है. इस आयोजन में ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए रात्रि में दुर्रेबंजारी वालों का नाचा-गाना कार्यक्रम रखा गया है. उक्त जानकारी उपसरपंच राजकुमार साहू ने दी.

## तिलईरवार में नवनियुक्त प्राचार्य अय्यर का जोशीला स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 28 नवंबर 2025 को नवनियुक्त प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने पदभार एवं कार्यभार ग्रहण किए। इस खुशी के अवसर पर पूरे स्टॉफ सदस्यों ने प्राचार्य को पुष्प गुच्छ भेंटकर बहुत ही शानदार स्वागत सम्मान किए। प्रार्थना सभा में थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को नवनियुक्त प्राचार्य का परिचय कराया, सभी बच्चों ने जोरदार तालियों से स्वागत सम्मान किए।

इसी कड़ी में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर द्वारा सभी स्टॉफ सदस्यों एवं सभी छात्र-छात्राओं को अपना परिचय बताते हुए सभी को संबोधित किए। संस्था से अशीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, रेखा मुरकुटे, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा , सरोज भुआर्य, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर कुमार साहू आदि सभी की उपस्थिति रही।

## ग्राम पंचायत बेलगांव द्वारा मितानिन बहनों का किया सम्मान



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। ग्राम पंचायत बेलगांव द्वारा मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में कार्यरत मितानिन बहनों को उत्कृष्ट सेवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत बेलगांव द्वारा साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच कौशल चंद्रवंशी उप सरपंच योगेश साहू मिडिल स्कूल प्रधान पाठक राम भरोसा साहू मुरली गेडाम, नेतराम कंवर, फूलचंद कंवर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि मितानिन बहाने एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# कंगला मांझी स्मृति महोत्सव - बाघमार में तीन दिवसीय आयोजन, 10 विभूतियाँ होंगी सम्मानित

बालोद (दावा)। बालोद जिले की डौंडीलोहारा तहसील का यह ऐतिहासिक गांव राष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्कृति और संघर्ष की विरासत के कारण विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। स्वाभिमानी जननायक हीरा सिंह देव कंगला मांझी की स्मृति में इस वर्ष भी बाघमार में भव्य मांझी महोत्सव 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। कंगला मांझी का 5 सितंबर 1984 को देहावसान के बाद उनकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनकी पत्नी फुलवा देवी कांगे, पुत्र कुंभदेव कांगे और पुत्री राजकुमारी कांगे का परिवार वार्षिक आयोजन की जिम्मेदारी निभाता आ रहा है।महोत्सव की प्रमुख आकर्षण श्रृंखला में हर वर्ष प्रदान किया जाने वाला अगासदिया सम्मान शामिल है। कुंभदेव कांगे के नेतृत्व में होने वाली मांझी सैनिक परेड में देश के विभिन्न राज्यों और दिल्ली स्थित आदिवासी मांझी कैंप के प्रतिभागी शामिल होंगे।राजकुमारी कांगे के लेखों का वार्षिक संकलन भी परंपरा का अंग है, जिसका विमोचन 6 दिसंबर को किया जाएगा। इसी अवसर पर प्रदेश के विविध क्षेत्रों से चयनित दस विशिष्ट व्यक्तियों को अलग-अलग स्मृति



सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

इस वर्ष घोषित सम्मान महेश वर्मा - दुलार सिंह साव मंदराजी स्मृति सम्मान, जी.एस. चुरेन्द्र -कंगला मांझी स्मृति सम्मान, एम.एस. पैकरा - हिडमा मांझी सम्मान, महेन्द्र बघेल - लतीफ घोंघी साहित्य सम्मान, गंगा साहू - नारायण चंद्राकर गायन सम्मान, राजेन्द्र साहू - देवदास बंजारे कला सम्मान, स्वामी चित्रानंद (स्व.) - संत पवन दीवान स्मृति सम्मान, दिनेश चौहान - डा. नरेन्द्र देव वर्मा भाषाविद् सम्मान, डॉ. शिरोमणि माथुर - शहीद दुर्वासा लाल निषाद समाजसेवा सम्मान, सतीश राम पारधी (बालाघाट) - हीरा सिंह देव पत्रकारिता सम्मान दियो जायेगा।

5 और 6 दिसंबर को संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से लोकधारा और लोकमया की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मंचित होंगी। देश के आदिवासी समाज के प्रमुख कार्यकर्ता, चिंतक और मांझी सैनिक इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।अगासदिया सम्मान समारोह 6 दिसंबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुलवा देवी कांगे करेंगी।मत्स्य विभाग के संचालक नारायण नाग महोत्सव के अतिविशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि हल्बा समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी.आर. राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में पूर्व लोकसेवा आयोग अध्यक्ष बी.एल. ठाकुर, समाजसेवी बी.एल. ध्रुव और गो सेवा आयोग के सचिव डा. कार्तिकेय ध्रुव अपने उद्बोधन देंगे। संचालन आर.एस. उइके और साहित्यकार अशोक आकाश करेंगे।कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार डा. परदेशी राम वर्मा ने बताया कि प्रदेशभर के आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ताओं और सर्वसमाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रण भेजा गया है।

# कांग्रेस ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई



छुईखदन (दावा)। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन छुईखदान में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, मोतीलाल जंघेल, गिरिराज किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल भीखम चंद छाजेड़, सज्जाक खान, संजय महोबिया, डॉ. सरजू वर्मा, जितेंद्र सिंह गौर, मोहम्मद खान, रिंकू गुप्ता, नदीम मेमन, यतेंद्रजीत सिंह, रविन्द्र सिंह गहरवार, सूरज महिलकर, आशु खान, रानू खान, मनोहर सेन, जागृत जांघेल, दीपक वैष्णव, लेख नारायण सहित अनेक पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कोमल साहू ने कहा कि देश की आजादी के लड़ाई में सजगता के साथ लड़ाई लड़ी और देश के प्रथम राष्ट्रपति बने। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल, गिरिराज किशोर दास एवं गजेंद्र ठाकरे ने भी संबोधित किया।। सभी अतिथियों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन, उनके आदर्शों, सादगी और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. प्रसाद का त्याग, सिद्धांत और कर्मशीलता आज भी सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को नमन करते हुए उपस्थित सभी लोगों ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

# जंतर में गीता जयंती का हुआ आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। गायत्री प्रज्ञापीठ ग्राम जंतर द्वारा गीता जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतगय गीता पाठ का रसपान किया गया. कार्यक्रम का आयोजन कमलेश्वर पटेल तथा समस्त पटेल परिवार के द्वारा किया गया. आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी ने पूजा अर्चना कर इस गीता ज्ञान कार्यक्रम का शुभारंभ किया. सनातन परंपरा में मार्गशीर्ष या फिर कहें अगहन महीने के शुक्लपक्ष की एकादशी का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है क्योंकि यह तिथि न सिर्फ भगवान श्री विष्णु के लिए रखे जाने वाले मोक्षदा एकादशी व्रत के लिए बल्कि गीता जयंती के लिए भी जानी जाती है. हिंदू मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान पूर्णावतार भगवान कृष्ण ने युद्ध के मैदान में अर्जुन को गीता के अनमोल वचन सुनाए थे. यानि इसी दिन हिंदू धर्म में अत्यंत ही पवित्र, पूजनीय और अनुकरणीय माने जाने वाले श्रीमद्भगवद गीता जन्म हुआ था. गीता जयंती के पर्व की महत्ता और भगवान कृष्ण के अनमोल संदेश को जानने और समझने का प्रयास किया गया. गीता जयंती का धार्मिक महत्व



हिंदू धर्म के सबसे पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोक आज 21वीं सदी में भी लोगों को जीवन की सही राह दिखाने का काम करते हैं. इसमें धर्म के साथ कर्म का मर्म समाहित है. सही मायने में कहा जाए तो यह कर्म, भक्ति और ज्ञान का संगम है, जिसमें डुबकी लगाने वाले व्यक्ति को जीवन में जरूर सफलता मिलती है. भगवान श्री कृष्ण के द्वारा कहे गये गीता के अनमोल वचन व्यक्ति को कठिन समय में जीवन की सही राह दिखाने का काम करते हैं. गीता बताती है कि किस तरह कठिन से कठिन समय में भी कर्म करते हुए धर्म का दामन नहीं छोड़ना चाहिए. सही मायने में देखा जाए तो श्रीमद्भगवद गीता में जीवन की हम समस्या का समाधान मिलता है। प्रवचनकर्ता हेमंत व्यास जी के द्वारा इस गीता सार का पाठ किया गया. कार्यक्रम में सरपंच रुपा चन्द्रवंशी, रामसिंह पटेल, रमेश साहू, बेलस साहू , ढालसिंग चन्द्रवंशी, चेतन कोरे, महेश चक्रधारी, जयप्रकाश सिन्हा, रामगोपाल, हरीश गांधी, बंशी साहू, रामलाल, ओंग लाल, हरिराम निर्मलकर, प्रीतम विश्वकर्मा, प्रीतमदास साहू, दुष्यंत पटेल, उमेश पटेल, एम.एम. सोनबोईर, हीरामन पड़ौती सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे.

# रानी मंदिर में पांचवें अगहन बृहस्पति में सामूहिक पूजा संपन्न

छुईखदान (दावा)। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय त्योहारों में पांचवें अगहन वृहस्पति पूजा चार दिसम्बर 2025 गुरुवार को रानी मंदिर छुईखदान में महिलाओं द्वारा सामूहिक पूजा अर्चना किया गया।



मंदिर समिति के संरक्षक लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने जानकारी दी कि महिलाएं घर में पूजा कर रानी मंदिर में प्रतिष्ठित मां लक्ष्मी जी कलश, धान की बाली, रखिया कांदा की सामूहिक पूजा कर कथा वाचन हुंकारु अनिवार्य रूप से देकर भोग लगाती हैं। पूजा से पहले बुधवार की शाम से ही घर की साफ-सफाई, मंदिर परिसर की साफ-सफाई गोबर से लीपकर चौक रंगोली मुख्य द्वार से पूजा स्थल तक चूना छुही से चौंक बनाकर विशेष रूप से मां लक्ष्मी जी के पद चिन्ह को चावल के आटे के घोल से बनाकर हल्दी चावल पुष्प फूल चढ़ाकर दीपक जलाते हैं। गुरुवार के दिन सुबह दोपहर शाम तीन समय पूजा होती है जिसमें कथा श्याम बाला, जगन्नाथ बलभद्र, नल दमयंती, सीरिया पीरिया ब्राम्हण कन्या की कथा, सहस्त्र कमल दल चौंक पर होता है। भोग में मीठा चीला, बोबरा, मालपुआ, हल्वा, खीर, तिलगुंजिया, पूरनपूडी का भोग लगाकर मां लक्ष्मी जी की सामूहिक भजन कीर्तन करते हैं। इस अवसर पर रोहिणी शर्मा, सुप्रिया सचिन महोबिया, संगीता संजय वैष्णव, कुमारी एवं सुशीला श्रीवास, काजल तम्बोली, सीमा अनिल राजपूत पुजारी, रजमत चन्द्राकर आरती सिंह , ज्योति साहु, बाबी रमा वैष्णव मुम्बई, बाबी पदमिनी वैष्णव लोरमी, लतारानी वैष्णव, राखी, पूजा, रेणू, रानू, रीनू महोबिया, ललिता यादव, दिव्या, आकांक्षा, चन्द्रकला, निशा नामदेव ,मधु राजपूत, ममता महोबिया, दुर्गा यादव सपना महोबिया, रानू महोबिया ,बिट्टी बन्नों नामदेव, दामिनी, आरती, भुनेश्वरी, वीणा,नंदनी, कीर्ति एवं पदमा रजक सहित बड़ी संख्या में भक्त महिलाएं उपस्थित रहतीं हैं। लतारानी वैष्णव द्वारा पांचवें अगहन बृहस्पति पूजा पश्चात 4 दिसम्बर 2025 को भोग प्रसाद वितरण किया जायेगा। अगहन वृहस्पति पूर्णिमा पर भगवान श्री सत्यनारायण पूजा में यजमान सुप्रिया सचिन महोबिया एवं पंडित संजय तिवारी राजपुरोहित ने पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया।

# अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यकारिणी गठित

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अधिकारी कर्मचारी जिला कार्यकारिणी के गठन जिला मुख्यालय मोहला के लोक जनशक्ति सामुदायिक भवन में रविवार 29 नवंबर को किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों के द्वारा सर्वसम्मति से श्री अमर सिंह ठाकुर को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति सेवानिवृत्त आईपीएस श्री जेआर ठाकुर को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। सामाजिक प्रतिनिधियों ने इसके अलावा श्री जेआर मार्गे, श्री दौलत कारटे एवं फुलबाई आर्य को उपाध्यक्ष, श्री अनिल कुमार तारम सचिव, श्री पीआर नायक कोषाध्यक्ष बनाए गये है। इसी तरह श्री एमआर नायक, श्री तुला राम पिस्दा एवं काशी राम रावटे को सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही श्री चेतन लाल भंडारी, श्री डीएल भुआर्य, श्री सोमनाथ भंडारी, श्री महेंद्र सिंह गोआर्य, श्री केमन लाल माहले, श्री एन आर ढालेन्द्र, श्री घना राम भूआर्य, श्री लिखन लाल गावरे, श्री लाला राम भूआर्य एवं श्री भगत राम भंडारी कार्यकारिणी सदस्य बनाए गये है। इस अवसर पर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्ति जेआर ठाकुर एवं निर्वाचन अधिकारी जेआर मार्गे के दिशा-निर्देशन में सामाजिक नियमावली एवं बॉयलज के अनुसार पारदर्शी तरीके से सम्पन्न किया गया।



**अमर सिंह ठाकुर बने जिला अध्यक्ष एवं जेआर ठाकुर संरक्षक बनाए गए**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी जे.आर. ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज के सर्वांगीण विकास हेतु पुरी निष्ठा, लगन एवं निस्वार्थ भाव से कार्य करने की अपील की। श्री ठाकुर ने आशा व्यक्त किया कि अमर सिंह ठाकुर कुशल नेतृत्व में हल्बा-हल्बी समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य करते हुए आदर्श स्थापित करेगा। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित समाज प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने भी सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत पुर्रामटोला में 3 दिसंबर 2025 को संकुल स्तरीय (शिकारी महका) बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



**विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल**

विधायक भोलाराम साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं आत्मविश्वास विकसित करने की अहम कड़ी हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। समारोह स्थल पर बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में राजू सिन्हा अध्यक्ष कार्यकारणी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य, श्रीमती सुखबाई सिन्हा सरपंच पुर्रामटोला, कनक सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि, तुलसीराम मंडावी पूर्व सरपंच एवं पंचगण सहित संकुल के शिक्षकगण, शाला परिवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समारोह सफल एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## पहला कॉलम...

### मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन



नई दिल्ली। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का आज (4 दिसंबर 2025) को निधन हो गया. 73 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली. दिल्ली बीजेपी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए देश को यह दुखद खबर दी. स्वराज कौशल देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ताओं में गिने जाते थे. वे मिजोरम के पूर्व राज्यपाल भी रहे और सार्वजनिक जीवन में उनकी पहचान बेहद ईमानदार और तेज सोच वाले प्रशासक की रही. बीजेपी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4:30 बजे लोधी रोड श्मशान घाट पर किया जाएगा. राजनीति और कानून दोनों क्षेत्रों में अपनी मजबूत छाप छोड़ने वाले स्वराज कौशल का जाना देश के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है.

### शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

नई दिल्ली। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। ट्राइब्यूनल ने बताया कि जॉय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जॉय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया। जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की।

### बांग्लादेश में लगे भूकंप के झटके

नई दिल्ली। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। झटके राजधानी ढाका और आसपास के जिलों में महसूस किए गए है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है। न्यूज पोर्टल tbsnews.net ने यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के हवाले से बताया कि भूकंप लोकल टाइम के हिसाब से सुबह 6.14 बजे आया, जिसका सेंटर नरसिंगडी में 30 किलोमीटर की गहराई पर था।

बांग्लादेश में भूकंप की वजह से कोई नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। न्यूज पोर्टल की रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप की कम गहराई को देखते हुए, ढाका और आसपास के जिलों में रहने वालों को हल्का झटका महसूस हुआ। द डेली स्टार अखबार के मुताबिक, बांग्लादेश में बड़े भूकंप का खतरा है क्योंकि यह तीन टेक्टोनिक प्लेटों इंडियन, म्यांमार और यूरेशियन प्लेटों के जंक्शन पर है। ढाका को दुनिया के 20 सबसे ज्यादा भूकंप के खतरे वाले शहरों में से एक माना जाता है। यहां बहुत घनी आबादी है और बहुत सारी टूटी-फूटी इमारतें हैं, जिनमें से कई राजधानी के पुराने हिस्से में हैं। इस इलाके में तेज़ भूकंपों का एक लंबा इतिहास रहा है, 1869 और 1930 के बीच पांच बड़े झटके आए थे जिनकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.0 से ज्यादा थी।

### पुतिन के दिल्ली पहुंचने से पहले ही महंगे हुए होटल, सभी 5-स्टार होटल फुल!

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा ने दिल्ली की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अचानक खलबली मचा दी है। राजधानी के लग्जरी होटलों में ऐसा रश देखने को मिल रहा है कि न सिर्फ सारे 5-स्टार होटल फुल हो गए हैं बल्कि कमरे का किराया एक झटके में दोगुना तक पहुंच गया है। जहां कुछ दिन पहले तक 50 से 80 हजार रुपये प्रतिरात वाला कमरा मिलता था, वहीं अब वही कमरे 1 से 1.3 लाख रुपये तक में बुक हो रहे हैं। यानी दिल्ली में इस वीकेंड होटल मिलना लगभग असंभव हो गया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन आईटीसी के 4700 वर्गफीट वाले शानदार ग्रैंड प्रेसिडेंशियल सुइट में रुकेंगे। इस सुइट का इतिहास भी बेहद खास है, क्योंकि यह वही कमरा है जहां डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडेन और बिल क्लिंटन जैसे अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ठहर चुके हैं। इस सुइट में दो बेडरूम, एक स्टडी रूम, रिसेप्शन एरिया, 12-सीटर डाइनिंग रूम, मिनी-स्पा, जिम और कई हाई-एंड सुविधाएं मौजूद हैं।

## सोशल मीडिया अकाउंट खंगालकर अमेरिका दे रहा वीजा, सख्त नियमों पर एस.जयशंकर बोले- ये उनका अधिकार

नई दिल्ली। अमेरिका द्वारा वीजा नियमों को और कड़ा किए जाने पर भारत ने स्पष्ट किया है कि वीजा जारी करना किसी भी देश का संप्रभु अधिकार होता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि अमेरिका हर वीज़ा आवेदन को अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से देख रहा है और यह उसका अधिकार है कि वह अपनी सुरक्षा के आधार पर निर्णय ले। अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्रों और पेशेवरों की बढ़ती चिंताओं के बीच भारत सरकार ने यह प्रतिक्रिया दी है।

जयशंकर ने बताया कि अमेरिका ने हाल में किए गए बदलावों के तहत वीज़ा जांच को पूरी तरह राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ दिया है। अब छात्र वीजा ही नहीं, बल्कि एच-1बी और एच-4 आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट भी पूरी तरह सार्वजनिक रखने होंगे ताकि उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की गहन जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह नई नीति भारतीय छात्रों, पेशेवरों और वीजा आवेदकों को सीधे प्रभावित कर रही है।

**सोशल मीडिया जांच अनिवार्य**

अमेरिका ने निर्देश दिया है कि 15 दिसंबर से सभी एच1बी और एच 4 आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट पब्लिक होने चाहिए



ताकि वीज़ा अधिकारी उनका पूरा ऑनलाइन इतिहास देख सकें। इससे पहले यह नियम छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स पर लागू था, जिसे अब और व्यापक कर दिया गया है। अमेरिका का कहना है कि वीज़ा कोई अधिकार नहीं बल्कि एक प्रिविलेज है और देश की सुरक्षा के लिए सभी डिजिटल गतिविधियों की जांच जरूरी है।

**छात्रों की समस्याओं पर भारत की चिंता**

विदेश मंत्री ने बताया कि अप्रैल 2025 में अमेरिका की नई नीति लागू होने के बाद कई छात्रों के वीज़े मामूली कारणों से रद्द कर दिए गए। कई मामलों में छात्रों पर स्वयं देश छोड़ने का दबाव भी बनाया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार ऐसे हर मामले में दूतावास और वाणिज्य दूतावास के जरिए दखल दे रही है और अमेरिका को बताया गया है कि छोटे अपराधों या तकनीकी गलतियों पर सख्त कार्रवाई उचित नहीं है।

**वीजा प्रक्रिया में सख्ती बढ़ाने का तर्क**

अमेरिका ने कहा है कि उसके लिए हर वीजा निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा है। ट्रंप प्रशासन लगातार वीज़ा और इमिग्रेशन नियमों को कड़ा कर रहा है। उनका दावा है कि किसी भी ऐसे व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, सभी आवेदकों को अपनी पात्रता साबित करनी होगी और यह भरोसा देना होगा कि वे वीजा नियमों का पालन करेंगे।

**भारत की स्थिति और आगे की कार्रवाई**

जयशंकर ने कहा कि भारत कई मामलों में अमेरिका से बात कर चुका है और आगे भी भारतीय छात्रों व पेशेवरों के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि हर शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है और जहां संभव हो, अमेरिका से राहत दिलाने की कोशिश की गई है। उन्होंने दोहराया कि वीजा जारी करना अमेरिकी सरकार का अधिकार है, लेकिन भारत यह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय नागरिकों के साथ किसी तरह का अनुचित व्यवहार न हो।

## जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमी पर 12 साल बाद ठोका शतक

नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने आखिरकार वो कर दिखाया है जिसकी उम्मीद उनसे पिछले 12 सालों से की जा रही थी. जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर टेस्ट शतक लगा दिया है. ब्रिसबेन के गाबा में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में जो रूट ने पहली पारी में कमाल सेंचुरी जड़ी. पिंक बॉल से खेले जा रहे मुकाबले में जो रूट ने गजब के संयम से बल्लेबाजी करते हुए अपना सैकड़ा लगाया. बता दें जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में 16 टेस्ट खेले हैं और ये उनकी 30वीं टेस्ट पारी है, इसके बाद उनके बल्ले से ये शतक निकला है. रूट ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में 9 टेस्ट अर्धशतक लगाए थे लेकिन इस बार उन्होंने सैकड़ा लगाने में कामयाबी हासिल की.



जो रूट ने गाबा के मैदान पर 181 गेंदों में शतक ठोका. इस खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में 40वां शतक लगाया है और वो सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में संगकारा से आगे निकल गए हैं. अब जो रूट सिर्फ रिकी पॉन्टिंग, जैक कैलिस और सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं.रिकी पॉन्टिंग के 41 शतक हैं. जैक कैलिस ने 45 और सचिन ने 51 टेस्ट सेंचुरी लगाई हैं.

जो रूट के लिए ये शतक लगाना कतई आसान नहीं था. इंग्लैंड की टीम ने पहले ही ओवर में बेन डकेट का विकेट गंवा दिया था, उन्हें मिचेल स्टार्क ने आउट किया.

## मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट में मिली बम की धमकी

नई दिल्ली। मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली थी। इसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अहमदाबाद एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो की फ्लाइट 6श्च 058 में 180 यात्री और 6 क्रू मेंबर थे। मंगलवार को भी इंडिगो के एक विमान में बम होने की धमकी मिली थी। यह विमान कुवैत से हैदराबाद जा रहा था और धमकी मिलने के बाद इसका रूट बदल दिया गया था। इसके बाद मुंबई में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। मुंबई एयरपोर्ट के सूत्र ने बताया था कि च्एयरबस ए321 नियोज् विमान द्वारा संचालित उड़ान संख्या 6ई1234 को सुबह सात बजकर 45 मिनट पर सुरक्षित उतारा गया। उन्होंने कहा, च्इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई1234 के लिए पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। हैदराबाद हवाई अड्डे को मंगलवार सुबह छह बजकर 33 मिनट पर इस विमान के लिए बम की धमकी से संबंधित ईमेल प्राप्त होने के कारण इसका मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था।



सूत्र ने बताया था कि बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) एयरपोर्ट पहुंची और इसे गंभीर खतरा घोषित किया।

## 400+ विकेट, मिचेल स्टार्क का अनोखा करिश्मा; टेस्ट क्रिकेट में तोड़ा वसीम अकरम का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

नई दिल्ली। एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट मुकाबला इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फसैला किया। इंग्लैंड ने अभी तक चार विकेट के नकुसान पर 193 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए अभी तक मिचेल स्टार्क ने अच्छी गेंदबाजी की है।

मैच में तीन विकेट लेते ही ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले लेफ्ट ऑर्म पेसर बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम के नाम था। अकरम ने 414 टेस्ट विकेट झटके थे।



वहीं स्टार्क ने 415 विकेट झटक लिए हैं और वह नंबर की कुर्सी पर विराजमान हो गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिचेल स्टार्क ने पारी की शुरुआत में ही बेन डकेट का विकेट झटका था और वह अपना खाता तक नहीं खोल पाए थे। इसके बाद उन्होंने ओली पोप को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने जीरो रन बनाए। बाद में हैरी ब्रूक भी स्टार्क की गेंद पर चकमा खा गए और वह स्टीव स्मिथ को कैच थमाकर आउट हो गए।

मिचेल स्टार्क ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिए साल 2011 में डेब्यू किया था। इसके बाद शुरुआती कुछ सालों में तो वह टीम से अंदर-बाहर होते रहे। लेकिन बाद में उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। उन्होंने अभी तक 102 टेस्ट मैचों में 415 विकेट झटके हैं। इसके अलावा वनडे क्रिकेट में 247 विकेट झटके हैं। वहीं ञ्20ढ्ढ क्रिकेट में कुल 79 विकेट हासिल किए हैं।

दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली (76 रन) और जो रूट (68 रन) ने अर्धशतक लगाए। हैरी ब्रूक के बल्ले से 31 रनों की पारी निकली। रूट अभी भी क्रीज पर मौजूद हैं और उनका साथ देने के लिए क्रीज पर कप्तान बेन स्टोक्स हैं।

## गुजरात को बड़ौदा ने 8 विकेट से रौंदा

नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले अपना दम दिखाया है. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अबतक खेले दोनों मैचों में पंड्या ने बड़ौदा को जीत दिलाई. पंजाब के बाद अब गुजरात के खिलाफ उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया.



हार्दिक पंड्या ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखा दिया है. इस ऑलराउंडर ने पंजाब के खिलाफ विस्फोटक अर्धशतक लगाने के बाद अब गुजरात के खिलाफ चमत्कारिक गेंदबाजी की. हैदराबाद के जिमखाना ग्राउंड पर खेले गए मैच में गुजरात को बड़ौदा ने 8 विकेट से रौंदा. बड़ौदा की टीम महज 40 गेंदों में ये मैच जीत गई. इस जीत में हार्दिक पंड्या गेंदबाजी से छा गए.

हार्दिक पंड्या ने गुजरात के खिलाफ कमाल बॉलिंग करते हुए 4 ओवर में महज 16 ही रन दिए और उन्होंने एक विकेट चटकाया. पंड्या ने विकेट भी उर्विल पटेल का चटकाया जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में सिर्फ 31 गेंदों में शतक लगाया था. इसके बाद गुजरात की टीम ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गई. ये टीम 14.1 ओवर में सिर्फ 73 रन बना पाई. राम लिंबानी ने महज 5 रन देकर 3 विकेट चटकाए. बड़ौदा की टीम ने सिर्फ 40 गेंदों में गुजरात की ओर से दिया गया लक्ष्य चेज़ कर लिया. शाश्वत रावत ने 19 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए. विष्णु सोलंकी ने 27 रनों की पारी खेली. हार्दिक पंड्या ने 10 रन बनाए और वो रवि बिश्नोई का शिकार हो गए. हालांकि बड़ौदा ने 6.4 ओवर में मैच खत्म कर दिया. आपको ये जानकर हैरानी होगी कि हैदराबाद में हार्दिक पंड्या की फैन फॉलोइंग की वजह से इस मैच का वेन्यू ही बदल दिया गया. पिछले मैच में कई बार फैंस ग्राउंड में घुस गए थे जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा था. हार्दिक पंड्या ने इससे पहले पंजाब के खिलाफ हार्दिक पंड्या ने महज 42 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए थे, जिसमें उनके बल्ले से 4 छक्के और 7 चौके निकले. इस खिलाड़ी की तूफानी बैटिंग के दम पर बड़ौदा ने 223 रनों का विशाल लक्ष्य 5 गेंद पहले ही चेज़ कर लिया था.

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने को तैयार रोहित शर्मा

नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने ञ्20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतते ही ञ्20 इंटरनेशनल से अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था. लेकिन, अब उन्होंने घरेलू ञ्20 टूर्नामेंट में खेलने का फैसला किया है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट है कि रोहित शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉक आउट मुकाबले में खेलने की इच्छा जताई है. वो ञ्20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर तैयार हैं.

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉक आउट मुकाबले 12 से 18 दिसंबर के बीच खेले जाने हैं. मुंबई की टीम ने लीग स्टेज पर दमदार प्रदर्शन करते हुए अब तक अपने सभी मुकाबले जीते हैं. ऐसे में उसका नॉकआउट खेलना तय है, जहां उसे रोहित शर्मा की सेवाएं भी मिलती दिख सकती है.

रोहित शर्मा फिलहाल साउथ



अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल रहे हैं. वनडे सीरीज 6 दिसंबर को खत्म हो रही है, जिसके बाद रोहित मुंबई के लिए नॉकआउट मुकाबले में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे.

टाइम्स ऑफ इंडिया ने मुंबई क्रिकेट एसोसिशन के सूत्रों के हवाले से भी ये जानकारी शेयर की है. ञ्जह्रढ्ढ को मुंबई क्रिकेट एसोसिशन के सूत्रों ने बताया कि रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉक आउट मुकाबले में खेलने की इच्छा जताई है.

इस साल की शुरुआत में क्चष्टष्टढ्ढ ने भी ये रूल बना दिया कि जो खिलाड़ी नेशनल ड्यूटी पर नहीं हैं या जो इंजर्ड नहीं हैं, वो घरेलू क्रिकेट में खेलेंगे. उस नियम के तहत रोहित शर्मा का खेलना तो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बनता है. रोहित ने घरेलू टी-20 टूर्नामेंट से संन्यास नहीं लिया है. रोहित का ये कदम उनके 2027 वर्ल्ड कप में खेलने के मिशन के नजरिए से भी काफी अहम है.

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत पहुंचे पुतिन का पीएम मोदी......**

हाइड्रोकार्बन का सवाल है यूक्रेन संकट से काफी पहले हमारे बिजनेस संस्थानों ने आपसी भरोसे पर आधारित एक मजबूत और प्रभावी व्यावसायिक संबंध बना लिया था. रूस की शीर्ष तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने 2017 में भारत की नायरा एनर्जी में अपनी पार्टनरशिप खरीदी थी. नायरा एनर्जी में रोसनेफ्ट का शेयर 49.13 प्रतिशत है. पुतिन ने कहा, सब जानते हैं कि हमारी प्रमुख कंपनियों में से एक ने भारत में एक तेल रिफाइनरी खरीदी. यह निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े विदेशी निवेशों में से एक था, जो 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का था. हमारी कंपनी लगातार इस रिफाइनरी के संचालन का विस्तार कर रही है, साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है, और हर साल बहुत सफलतापूर्वक चल रही है. रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा, इसके परिणामस्वरूप भारत यूरोप के लिए प्रमुख रिफाइंड प्रोडक्ट सप्लायर्स में से एक बन गया है, सिर्फ इसलिए नहीं कि वो हमारे तेल को डिस्काउंट पर खरीदता है. इसे हासिल करने में सालों लगे, और इसका मौजूदा आर्थिक हालात से कोई संबंध नहीं है. कुछ देशों को भारत की वैश्विक बाजारों में बढ़ती भूमिका पसंद नहीं है. खासकर इसलिए क्योंकि भारत के रूस से मजबूत संबंध हैं. इसलिए वे राजनीतिक कारणों से भारत के प्रभाव को रोकने के लिए जानबूझकर मुश्किलें खड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं.

**विदेशी गणमान्यों को विपक्षी नेताओं से.....**

अजीब है। एक प्रोटोकॉल होता है और सभी आने वाले गणमान्य व्यक्ति नेता प्रतिपक्ष से मिलते हैं। सरकार इस प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर रही है और उनकी सभी नीतियां इसी पर आधारित हैं। वे नहीं चाहते हैं कि कोई अपनी आवाज उठाए। वे किसी और की राय नहीं सुनना चाहते हैं। उन्हें लोकतंत्र के प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। भगवान जाने उन्हें किस बात का डर है। लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए, चर्चा होनी चाहिए और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार असुरक्षित है और यह फैसला उसी का प्रतिबिंब है। इसे प्रोटोकॉल को तोड़कर और पलटकर उन्हें क्या मिलेगा? यह उनकी असुरक्षा है। दुनिया में लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई है।

**सरकार की नीतियों से रुपया कमजोर हुआ....**

रहा है, ये जवाब देना पड़ेगा आपको। देश आप से जवाब मांग रहा है।'' उन्होंने कहा, '' मोदी जी से आज हम यही सवाल पूछ रहें हैं। उनको जवाब तो देना पड़ेगा।'' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रुपये की कीमत में गिरावट पर संवाददाताओं से कहा, ''मनमोहन सिंह जी के वक्त के लोग रुपये को लेकर क्या-क्या कहते थे, आज रुपए के हाल पर ये क्या जवाब देंगे?

**नक्सली संगठन को बड़ा झटका, टॉप....**

नंबर 2 इंचार्ज और DVCM मोडियामी वेल्ला भी मारा गया है। उसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि वेल्ला मोड़ियम के खिलाफ बीजापुर जिले के अलग-अलग थानों में कुल 44 मामले दर्ज थे। मोड़ियम वेल्ला 2013 के झीरम घाटी में हुए हमला में शामिल था। इसके अलावा वह 2019 केशकुतुल पुलिस पार्टी पर हमला, 2020 में मिनपा जिला सुकमा कैम्प अटैक, 2021 टेकलगुड़ियम मुठभेड़ और 2024 धरमाराम कैम्प अटैक में शामिल था।

**रायपुर में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई.....**

पार्टनर सांखला के ऑफिस में भी कार्रवाई की है। कचना स्थित आनंदम सोसाइटी में हवाला कारोबारी बताए जा रहे रवि बजाज के घर व कार्यालय में भी टीम ने दबिश दी। रवि बजाज सांखला का पार्टनर माना जाता है और कई वित्तीय लिंक की जांच इसी कारण की जा रही है। सुबह से ही 20 से अधिक वाहनों का काफिला सिग्नेचर होम और अन्य स्थानों पर देखा गया। टीम डिजिटल डाटा, जमीन सौदों, लोहा कारोबार, हवाला ट्रांजैक्शन और कंपनियों के वित्तीय रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। आयकर अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि कार्रवाई बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और हवाला नेटवर्क की जांच के तहत की जा रही है। शाम तक और भी ठिकानों पर दबिश बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं.....**

न खेलें। विधायक कबीर के बयान के बाद राज्य में बवाल खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार से कहा कि अगर विधायक के बयान से तनाव पैदा हो रहा है तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए? टीएमसी ने कबीर के बयान से तुरंत किनारा कर लिया, लेकिन भाजपा ने टीएमसी पर बंगाल को अराजकता की ओर धकेलने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है।

**बीएलओ के काम के घंटे घटाने के.....**

दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पार्टी ने बीएलओ के तौर पर अपनी ड्यूटी ठीक ढंग से न निभा पाने वाले लोगों के खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से की जा रही कार्रवाई को चुनौती दी थी। पार्टी का कहना था कि ईसी काम के बोझ तले दबे बीएलओ के खिलाफ काम न कर पाने की स्थिति में जन प्रतिनिधि कानून की धारा 32 के तहत आपराधिक कार्रवाई कर रही है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अब निर्देश जारी किए हैं। बेंच ने टीवीके की तरफ से पेश वकील गोपाल शंकरनारायणन की इस बात पर सहमति जताई कि बीएलओ, जो कि अधिकतर शिक्षक या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, का चुनाव आयोग के काम के अतिरिक्त दबाव के चलते निधन हुआ है, ऐसे में सरकार को कुछ निर्देश जारी किए जाने जरूरी हैं। वकील शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अधिकारी ड्यूटी पूरी न कर पाने के लिए बीएलओ पर एफआईआर तक दर्ज करा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से कहा गया कि चूंकि एसआईआर की प्रक्रिया जारी है, ऐसे में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी है कि वे चुनाव आयोग के आदेश के तहत काम के लिए जरूरी कार्यबल मुहैया कराएं।

**इंडिगो फ्लाइट्स कैंसिल: एक दिन......**

देखने को मिली है, जो गुरुवार को तीन फीसद तक टूटे हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के साथ मौजूदा स्थिति पर इंडिगो के अधिकारियों के साथ दोपहर को बैठक भी हुई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी ना तो कंपनी की तरफ से दी गई है, ना ही सरकार की तरफ से। कंपनी की तरफ से पूरी समस्या के लिए डीजीसीए की तरफ से लागू किए गए नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीटीएल) को बताया जा रहा है। इस नए नियम के तहत पायलटों की अधिकतम ड्यूटी 13 घंटे से घटाकर 10-11 घंटे की गई है, लगातार ड्यूटी के बाद अनिवार्य रेस्ट पीरियड बढ़ाया गया है और रात की उड़ानों (नाइट लैंडिंग) पर सख्त पाबंदी लगाई गई है।

**गुजरात एटीएस ने पाकिस्तानी....**

गुजरात एटीएस के अधिकारियों ने इससे पहले नवंबर में पंजाब पुलिस द्वारा वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि वह भारत में ग्रेनेड हमले करने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संचालकों से साथ काम करने वाले गिरोह के लिए हथियारों की तस्करी कर रहा था। पंजाब पुलिस से जानकारी के बाद एटीएस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी बिल्ला को पंचमहल जिले के हलोल कस्बे से पकड़ा था।

**अमेरिका में पाकिस्तानी पीएम-आर्मी चीफ पर.....**

विभाग ने भी गहरी चिंता जताई थी और पूरी जांच की मांग की थी। चिट्ठी में कहा गया कि 2024 के पाकिस्तानी चुनावों में भयंकर धांधली हुई थी। इसकी पूरी दुनिया ने निंदा की और एक स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' में सारी गड़बड़ियों का सबूत के साथ दस्तावेज तैयार किया गया है। इन चुनावों के जरिए सिर्फ एक कठपुतली सरकार बनाई गई है, जो बाहर से सही लगती है लेकिन असल में इसे सेना चलाती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भी उस समय कहा था कि चुनाव में बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। अब हालत यह है कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि आम नागरिकों का केस भी सैन्य अदालतों में चल सकता है। इससे अदालतें पूरी तरह सेना के कंट्रोल में आ गई हैं और जो अधिकारी या जनरल जुल्म करते हैं, उन्हें सजा मिलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा। ये प्रतिबंध लग सकता है- वीजा बैन: अमेरिका में यात्रा पर पूर्ण रोक, जिससे ये अधिकारी या उनके परिवार अमेरिका में कदम नहीं रख सकेंगे। यह उन अधिकारियों पर लागू होगा जो अमेरिकी नागरिकों या निवासियों को धमकाने, उनके पाकिस्तानी परिजनों का अपहरण कराने या हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं। संपत्ति जब्ती: अमेरिका या अमेरिकी प्रभाव वाले देशों में इनकी किसी भी संपत्ति, बैंक खातों या वित्तीय लेन-देन पर रोक। यह ग्लोबल मैग्निट्सकी एक्ट के तहत किया जा सकता है, जो मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आर्थिक दबाव डालता है।

**एसआईआर पर थमी तो प्रदूषण पर बढ़ी रार.....**

प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और विज्ञान-आधारित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु योजना शुरू की जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि हर देरी लोगों की जान को खतरे में डाल रही है और संसद को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद बी. माणिक्कम टैगोर ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि दिल्ली की हवा जहरीली हो चुकी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस संकट को स्वीकार करने को भी तैयार नहीं हैं. सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, दिल्ली की हवा जहरीली हो चुकी है, लेकिन मोदी इस संकट को मानने से भी इनकार कर रहे हैं. 11 साल, जीरो कार्रवाई – सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप का खेल. बस बहुत हुआ. अब हमें संसद के बाहर आवाज उठानी होगी ताकि यह सरकार समस्या को स्वीकार करे और कार्रवाई करे. दिल्ली को बहाने नहीं, स्वच्छ हवा चाहिए. दिल्ली में जहरीली हवा के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर स्थित मकर द्वार पर सुबह 10.30 बजे प्रदर्शन किया.

सांसदों ने एक बड़ा बैनर मौसम का मजा लीजिए लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गुरुवार को लोकसभा में असम के जोरहाट से डिब्रूगढ़ के बीच NH-37 की खराब गुणवत्ता का मुद्दा उठाया. इस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क सुधार के लिए कार्रवाई का भरोसा दिया. प्रश्नकाल के दौरान गोगोई ने नितिन गडकरी के एक वायरल वीडियो का ज़िक्र किया, जिसमें मंत्री की कार एक हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ती दिख रही है. उन्होंने कहा कि असम में ऐसी सड़कें नहीं हैं जिन पर उतनी रफ्तार से गाड़ी चलाई जा सके. गोगोई ने कहा, एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें आपकी कार हाईवे पर तेज रफ्तार से चल रही थी. असम में लोग यह देखकर जल गए, क्योंकि यहां टोल टैक्स तो देते हैं, लेकिन सड़कें इतनी खराब हैं कि 100-130 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाना संभव नहीं है. लोग टोल दे रहे हैं, लेकिन आपके वीडियो जैसी गुणवत्ता वाली सड़कें नहीं मिल रही हैं. खासकर जोरहाट से डिब्रूगढ़ तक NH37 की हालत खराब है. झांजी वाला हिस्सा आपके हस्तक्षेप के बाद कुछ बेहतर हुआ है, लेकिन उसके आगे सड़क बदहाल है. जवाब में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने माना कि भारी बारिश के कारण हाईवे को नुकसान पहुंचा है. उन्होंने सदन में कहा, सांसद ने जो कहा वह सही है। बारिश के कारण सड़क खराब हुई थी. जांच भी कराई गई थी और कमियों को दूर किया गया। मुझे विश्वास है कि सड़क अब ठीक हो जाएगी. नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर तुरंत चर्चा न होने को लेकर गहरी आपत्ति जताई और कहा कि सरकार लगातार संवेदनशील विषयों को टाल रही है. नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस आरोप पर सरकार की ओर से सदन के नेता जे. पी. नड्डा ने खारिज किया. उन्होंने कहा कि सरकार ने कभी भी किसी बहस से बचने की कोशिश नहीं की है. राज्यसभा के सभापति ने नियम 267 के अंतर्गत दिए गए नोटिस को अस्वीकार किया और इस संबंध में अपने तर्क भी प्रस्तुत किए.

# अन्नूटोला में विभागीय मनमानी का चरम, 1.63 लाख की गलत वसूली नोटिस, प्रताड़ना के आरोप

बालोद (दावा)। बालोद जिले में थाना मंगचुवा के अंतर्गत ग्राम अन्नूटोला में विद्युत विभाग द्वारा की गई मनमानी और दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहन निषाद ने बताया कि डौंडीलोहारा के अधिकारी मनीराम तारम एवं बालोद के संभाग अधिकारी एस के बंड द्वारा एक महिला उपभोक्ता पर बिना आधार, बिना बिल-विवरण और बिना अवधि बताए 1,63,320 की मनगढ़ंत वसूली का दबाव बनाते हुए मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है।

पत्र क्रमांक 273 दिनांक 04/09/2025 में जारी नोटिस में किसी भी प्रकार का बिल-डिटेल, अवधि, मीटर रीडिंग का आधार या गणना उल्लेखित नहीं है, जो कि सीधे-सीधे विभागीय आचार संहिता एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। पहली जांच में 'कोई कमी नहीं' दूसरी जांच में अचानक 'डायरेक्ट हुकिंग'। पूर्व निरीक्षण में विभाग ने स्वयं पाया कि-2M2 एचपी ब्लोवर 400 वॉट हैलोजन लाइट पॉलीथीन में पैक और अप्रयुक्त स्थिति में थे। फिर 03 सितंबर 2025 की दोबारा जांच में इन्हीं अप्रयुक्त वस्तुओं के आधार पर 'डायरेक्ट हुकिंग' का आरोप लगाना न केवल तकनीकी रूप से असंभव है बल्कि यह स्पष्ट करता है कि, यह जांच निष्पक्ष नहीं, बल्कि बदले की भावना से प्रभावित है। सेवा आचार संहिता एवं लागू धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन संबंधित अधिकारियों की कार्यवाही निम्न नियमों एवं धाराओं के प्रत्यक्ष उल्लंघन में आती है, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचार संहिता नियम (कंडक्ट रूल्स) ऋद्वद्यद्ग 3(3)(द्व)'- अधिकारी को सत्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता से कार्य करना होता है। बिना तथ्यों के नोटिस जारी करना स्पष्ट उल्लंघन ऋद्वद्यद्ग 3(1)(द्वद्व)'-अधिकारी को जनता के साथ विनम्र और न्यायपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। महिला को मानसिक प्रताड़ना, बार-बार जांच, दबाव-नियम का सीधा उल्लंघन। ऋद्वद्यद्ग 3(2)कोई भी अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग नहीं कर सकता। यहां मनगढ़ंत आरोप और अनियमित वसूली दुरुपयोग की श्रेणी में आता है।



अधिकारियों पर सेवा आचार संहिता उल्लंघन की कार्रवाई की मांग

विद्युत अधिनियम 2003 स्द्गष्ह्लद्वशठ्ठ 168ङ्क-ड्डद्वद्यद्ग श्द्ध क्कश्2द्गह्- किसी भी अधिकारी द्वारा पद का दुरुपयोग दंडनीय है। Section v False Report गलत और भ्रामक निरीक्षण रिपोर्ट देना दंडनीय अपराध है।

3. भारतीय दंड संहिता (जैसा कि कई राज्यों में ऐसे मामलों पर लागू होता है) भादंवि 166 सार्वजनिक अधिकारी द्वारा कानून की अवहेलना। भादवि 418 धोखाधड़ी कर आर्थिक हानि पहुँचाना। भादवि 503/506 धमकी, दहशत या मानसिक प्रताड़ना पहुँचाने पर दंड।

4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 अनुचित व्यापार व्यवहार और जबरन वसूली का प्रयास दंडनीय है। उपभोक्ता को भ्रमित करने वाले आदेश विभागीय अपराध हैं।

### जनहित में प्रमुख मांगें

1. अधिकारी मनीराम तारम एवं एस के बंड पर सेवा आचार संहिता उल्लंघन की विभागीय जांच। 2. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 168 व 169 के तहत कानूनी कार्रवाई। 3. भादवि 166, 418, 503/506 के अंतर्गत आपराधिक जांच प्रारंभ। 4. गलत और आधारहीन 1.63 लाख रुपये की वसूली नोटिस तत्काल निरस्त। 5. पीड़ित महिला को मानसिक प्रताड़ना का मुआवजा एवं संरक्षण। 6. भविष्य में ऐसी मनमानी रोकने हेतु विभागीय पारदर्शिता नीति लागू की जाए ग्राम अन्नूटोला की यह घटना केवल एक उपभोक्ता का मामला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न है। जब अधिकारी जांच रिपोर्ट बदल दें, तथ्य मिटा दें, और नोटिस को हथियार बना दें–तब यह केवल अनियमितता नहीं, सिस्टम की असफलता है। जनता का विश्वास बचाने के लिए इस मामले में तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।

# दपूमरे, नागपुर मंडल में शीतकालीन कोल्ड वेदर पेट्रोलिंग जारी




डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में शीत ऋतु के दौरान कोल्ड वेदर पेट्रोलिंग का कार्य निरंतर जारी है।

यह विशेष गश्त मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के निर्देशन में की जा रही है, ताकि तापमान में भारी गिरावट के दौरान भी ट्रेनों का संचालन पूर्णतः सुरक्षित बना रहे। सर्दी के मौसम में विशेषकर रात के समय तापमान में उल्लेखनीय कमी के कारण रेल पटरियों में थर्मल संकुचन होता है, जिससे रेल फ्रैक्चर, वेल्ड फेल्योर, हैंगिंग स्लीपर तथा बकलिंग जैसी संभावनाएँ बढ़ जाती हैं। इन चुनौतियों को देखते हुए मंडल प्रशासन द्वारा पटरियों, पुलों, पॉइंट एवं क्रॉसिंग्स सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर नियमित निरीक्षण हेतु पेट्रोलिंग स्टाफ की तैनाती की गई है।

पेट्रोलिंग कर्मी लगातार पैदल गश्त कर किसी भी प्रकार की रेल फ्रैक, अनियमितता या असामान्यता का शीघ्र पता लगाते हैं। वे नियंत्रण कार्यालय के सतत संपर्क में रहते हैं तथा किसी दोष का पता चलते ही सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

# परिक्षेत्रीय साहू संघ तुमड़ीबोड़ में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

राजनांदगांव(दावा)। परिक्षेत्रीय साहू संघ तुमड़ीबोड़, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार 02 दिसम्बर 2025 को साहू भवन तुमड़ीबोड़ में बड़े ही हर्षोल्लास और सामाजिक एकजुटता के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं तथा आसपास के 17 ग्रामों से आए समाजबंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागवत साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव रहे। अध्यक्षता शिवराम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने की। विशेष अतिथियों के रूप में श्रीमती सरिता मदन साहू, सदस्य जनपद पंचायत श्रीमती जया तिमेश साहू, सदस्य जनपद पंचायत श्रीमती भूनेश्वरी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ उपस्थित रहीं और समाजजनों को शुभकामनाएँ प्रदान की। अतिथियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा संगठन के उन्नयन, समाज में एकता, शिक्षा प्रसार और युवा सहभागिता पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया।




उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

नव-निर्वाचित पदाधिकारी समारोह में निम्न पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की संरक्षक इन्द्रसेन साहू अध्यक्ष हेमंत साहू उपाध्यक्ष गरीबा दास साहू, श्रीमती राधिका साहू संगठन सचिव ओमप्रकाश साहू श्रीमती प्रीति साहू कोषाध्यक्ष भगवानदास साहू सचिव गोपालदास साहू अंकेक्षक योगेस साहू सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति एवं निर्वाचित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह में जिले एवं तहसील के अनेक पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे जिनमें जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष मदन साहू जिला कोषाध्यक्ष नोबल साहू पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू किसान के जिला संयोजक अमरोतन साहू संगठन सचिव माधव साहू प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के कोमल साहू तहसील से रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू श्रीमती डेरहीन बाई साहू, श्रीमती पूनम साहू पटपर मंडल अध्यक्ष कोमल दास साहू नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम साहू भेड़ी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू युवा प्रकोष्ठ से मोहित साहू, मोहर दास साहू। पूर्व सचिव राजेश साहू सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं 17 ग्रामों के अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी शामिल रहे। भाषणों में वक्ताओं ने समाज की उन्नति में शिक्षा, संगठन की मजबूती, पारस्परिक सहयोग और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया। समाजजनों ने नए दायित्व ग्रहण करने वाली समिति को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। समारोह के अंत में अतिथियों और समाजजनों ने नव-निर्वाचित समिति को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम पूर्णतः सौहार्द्र, एकता और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

# विभाग ने मोहारा-सुकुलदैहान नवीन मार्ग के लिए 28 करोड़ 45 लाख का एस्टीमेट भेजा

**सुगम आवागमन के लिए विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया मरम्मत कार्य**

**डोंगरगढ़(दावा)। अनेक वर्षों से सुगम आवागमन के लिए संघर्ष कर रहे मोहारा क्षेत्र के ग्रामीणों को शीघ्र ही नवीन सड़क मार्ग के निर्माण की सौगात मिलने की संभावना प्रबल दिखाई दे रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा दी गई जानकारी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि, मोहारा से होकर बसंत पुर होते हुए सुकूल दैहॉन जाने के लिए बनाए जाने वाले नए मार्ग के लिए विभाग की ओर से 28 करोड़ 45 लाख रुपए का एस्टीमेट शासन को भेजा गया है।**

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ सोनकाले ने बताया कि, 7 मीटर डामर रोड के प्रशासकीय स्वीकृति के लिए एस्टीमेट गया है, शासन की ओर से शीघ्र स्वीकृति मिलने के संकेत मिले है। विभागीय अधिकारी ने संभावना व्यक्त की है कि, प्रशासनिक स्वीकृति संभवतः दिसंबर माह में ही मिल जाएंगी। विकासखंड स्थित विभिन्न मार्गों का पैच रिपेयर का कार्य शुरू हो गया है। पेच वर्क का कार्य अभी सुकुलदैहन के तरफ से करते आ रहे हैं। पिछले वर्ष मोहारा के तत्कालीन सरपंच ने पैच का कार्य गांव क्षेत्र में रुकवा दिया था।



7 मीटर डामर रोड के प्रशासकीय स्वीकृति के लिए एस्टीमेट गया है, शीघ्र स्वीकृति मिलेगी शासन से - एसडीओ पी डब्ल्यू डी

### मोहरा क्षेत्र के ग्रामीणों को सुगम यातायात की मिलेगी सुविधा

डोंगरगढ़ विधानसभा के सबसे बड़े ग्राम पंचायत मोहारा से बसंतपुर होते हुए सुकूलदैहॉन जाने वाले मुख्य मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने एवं पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरे मार्ग में घरों में होने वाली निस्तार का पानी बहता हुआ दिखाई दे रहा था। वही पूरा सड़क मार्ग विगत कई वर्षों से खंडित अवस्था में पहुंच गया था। मार्ग के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो जाने से मोहारा क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वही इसी मार्ग पर स्थित धान खरीदी केंद्र में आने-जाने के लिए किसानों को अनेक परेशानियां उठानी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज दुर्घटनाओं का अवलोकन करें तो सबसे अधिक दुर्घटना इसी मार्ग में घटित होना पाया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ श्री सोनकाले ने बताया कि वर्तमान में क्षतिग्रस्त मार्ग में मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है शासन को 7 मीटर डामर रोड के प्रशासकीय स्वीकृति के लिए एस्टीमेट भेजा गया है, शीघ्र स्वीकृति मिलने की जानकारी विभागीय सूत्रों से मिली है। पानी निकासी के लिए मार्ग के दोनों और नाली का निर्माण भी कराया जाएगा।

# टटेंगा विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार योजना प्रारंभ

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के नवाचारी व्याख्याता अजय पाठक व हेपशीबा एंथोनी ने नियमित विद्यालय आने की प्रवृत्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से नवाचार करते हुए यह घोषणा की थी कि प्रत्येक माह कक्षा में जिन-जिन विद्यार्थियों की सबसे अधिक उपस्थिति होगी, उन्हें आकर्षक उपहार से पुरस्कृत किया जाएगा।



इसी क्रम में विद्यार्थियों को पैसे के महत्व को समझाने, बचत व आर्थिक अनुशासन को जीवन में उतारने की शिक्षा देने के लिए जुलाई से नवंबर तक सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को गुल्लक देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं कला संकाय में हिमानी व कुसुम ने सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने में प्रथम तथा अंजली साहू व कुमकुम दूसरे स्थान पर एवं 12वीं वाणिज्य संकाय में रोशन कुमार व कुलदीप ने सबसे अधिक तथा रूखमणि व डिंपल दूसरे स्थान पर उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने दोनों व्याख्याताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि, यह एक बहुत सुंदर नवाचारी आयोजन है। गुल्लक और विद्यार्थियों का बड़ा गहरा संबंध है। गुल्लक से विद्यार्थी अपनी छोटी-छोटी बचत को बड़े वित्तीय लाभ के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। यह वित्तीय अनुशासन को व्यावहारिक रूप में बदलने का अच्छा तरीका है। वरिष्ठ व्याख्याता टीएल देवांगन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, गुल्लक में पैसे इकट्ठा करके आप सामाजिक कार्यों में योगदान दे सकते हैं या अपनी जरूरत को भी पूरा कर सकते हैं। यह प्रवृत्ति सभी में बचत के भाव को बढ़ाती है तथा यह धन प्रबंधन का पहला पाठ पढ़ाने वाला शैक्षणिक उपकरण है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के अलावा भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन उपस्थित थे।

# शाला प्रबंधन समिति ने हाईमास्क लाइट से लेकर साइकिल स्टैंड व बाउंड्रीवाल पर की चर्चा

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत नवनियुक्त प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी के स्वागत के साथ हुई। समिति सदस्यों ने उन्हें सोमनी में प्राचार्य पद पर पदस्थ होने पर शुभकामनाएँ दीं। बैठक में सबसे पहले बीआरजीएफ मद से स्वीकृत हाईमास्क लाइट की स्थापना पर चर्चा हुई। समिति ने तय किया कि लाइट ऐसी जगह लगाई जाए जहां से पूरा परिसर रोशन हो सके। निरीक्षण के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हाईमास्क लाइट विद्यालय के बोरिंग स्थल के पास लगाई जाएगी।



साइकिल स्टैंड के लिए पूर्व में पंचायत द्वारा विज्ञान लैब के पास स्थान प्रस्तावित किया गया था। लेकिन समिति ने स्थल निरीक्षण के बाद इसे मुख्य द्वार से जुड़े बाउंड्रीवाल के पास बनाने को अधिक उपयुक्त माना और इसी स्थान को स्वीकृति दी। विद्यालय में रखे कबाड़ की नीलामी को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। इसके लिए आम सूचना जारी की जाएगी तथा नोटिस चस्पा कर हांक पड़वाकर इच्छुक व्यक्तियों को बोली लगाने का अवसर दिया जाएगा। बैठक में विद्यालय वार्षिकोत्सव के आयोजन पर भी चर्चा हुई। तिथि तय न होने के बावजूद जनवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के अंत में प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में सरपंच श्रीमती नीलिमा साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता टीएल चंद्राकर, पत्रकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रमन सिंह राजपूत, जनकल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश साहू, सुनील भागवत एवं श्रीमती सुरेखा देवांगन उपस्थित थे।

# रबी फसलों के लिए फसल बीमा पोर्टल चालू, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन ने रबी मौसम 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल चालू कर दिया है।




यह योजना किसानों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलभराव, कीट-व्याधि और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। पिछले वर्ष रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जिले के 28,037 किसानों को 48 करोड़ 62 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था।। इस वर्ष जिले के 420 से अधिक अधिसूचित ग्रामों के किसान अपनी रबी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई है। इस बार गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा सकेगा।

योजना में ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार सभी प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल बोने वाला हर इच्छुक किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है। प्रीमियम दरों के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर गेहूं सिंचित के लिए 690 रुपये, गेहूं असिंचित के लिए 405 रुपये, चना के लिए 645 रुपये, अलसी के लिए 315 रुपये और सरसों के लिए 375 रुपये जमा करने होंगे।

किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि, राजस्व, बैंक या बीमा कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# गीता जयंती पर यादव समाज की महिलाओं ने की पूजा अर्चना

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी क्षेत्र के निकटस्थ ग्राम बेलटिकरी में गीता जयंती के अवसर पर यादव समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई और उनके द्वारा महाभारत युद्ध के दौरान दिए गए गीता उपदेश की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर वरिष्ठ जनों से गीता वाणी सुनी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठों द्वारा महिला और युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। ग्राम बेलटिकरी के महिला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर गीता ग्रंथ की पूजा-पाठ की गई। तत्पश्चात बाद समाज के लोगों द्वारा इस पर अपने विचार रखें गए।



ग्राम बेलटिकरी में समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई गीता जयंती

सर्किल अध्यक्ष विशारद यादव ने अगले वर्ष 1 फरवरी रविवार को धूमधाम के साथ गीता जयंती मनाने की बात कही और इसमें सभी सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इसे सफल बनाने का अनुरोध किया।

सर्किल उपाध्यक्ष मनोज यादव ने गीता ग्रंथ की पूजा पाठ के साथ इसमें भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन को दिया गया ज्ञान को आत्मसात करना चाहिए कहा। इसी तरह संरक्षक, पवन यादव ने समाज के युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ के गठन कर उन्हें विस्तार देने की बात कही।

इस दौरान समाज प्रमुखों के अलावा गीता यादव बसंत यादव, लोरीक यादव, शिवलाल यादव, सचिव थनवार यादव, कार्तिक यादव, जागेश्वर यादव, पुरुषोत्तम यादव युवा प्रकोष्ठ से रामगुलाल यादव, राघवेंद्र यादव, महिला प्रकोष्ठ से सुनीति यादव, चंदा यादव, सेवती यादव और क्षेत्र के सभी यादव भाईयों की उपस्थिति रही।

# विश्व एड्स दिवस पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 01 दिसंबर 2025, दिन सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। महाविद्यालय के नये भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में प्राणिशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा इससे पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक में जागरूकता संदेश को रोचक एवं सरल भाषा में दर्शाया गया, जिसे उपस्थित छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने सराहा।कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को एड्स से बचाव, सुरक्षित व्यवहार तथा सोशल स्टिग्मा को खत्म करने की दिशा में उपयोगी जानकारी प्रदान की।

# समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए खुली उन्नति का राह - किसान गोपाल

राजनांदगांव (दावा)। प्रत्येक किसान अपनी उपज और मेहनत का सही दाम मिले यही उम्मीद रखता है। किसानों की उम्मीद और उनकी उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों की वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, उनके उन्नति के रास्ते खुल गए है। शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं और पारदर्शी खरीदी पर जिले के किसान बहुत खुश है।



ऑनलाईन टोकन काफी सुविधाजनक
धान उपार्जन केन्द्र में अच्छी व्यवस्था होने से धान बिक्री करना हुआ आसान

राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र मनकी में ग्राम सुंदरा के किसान गोपाल प्रसाद आज धान खरीदी केन्द्र मनकी में 71 क्विंटल धान बिक्री करने पहुंचे थे। धान बिक्री करने आए ग्राम सुंदरा के किसान गोपाल ने कहा कि समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए उन्नति का राह खोल दिया है। खेती-किसानों कार्य से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में दूसरी बार ऑनलाईन टोकन कटने के बाद धान बिक्री किया है। उन्होंने बताया कि पहले टोकन में धान बिक्री से उन्हें दो दिवस के भीतर एक मुश्त राशि मिली है। उन्होंने बताया कि उनके पास 18 एकड़ खेती जमीन है। जिसमें वे धान की फसल लिए थे। सोसायटी से खाद-बीज के लिए समय पर ऋण उपलब्ध होने से फसल का अच्छा उत्पादन हुआ है। किसान गोपाल ने बताया कि पिछले वर्ष की धान बिक्री से उन्होंने कृषि भूमि का विस्तार किया था। इस वर्ष धान बिक्री की राशि से नया घर निर्माण करने सोच रहे है। उन्होंने कहा कि शासन की धान खरीदी नीति से किसानों के जीवन स्तर में परिवर्तन आया है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से जीवन स्तर बढ़ा है। किसान गोपाल ने बताया कि पहले सोसायटी में टोकन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब मोबाईल एप्प के माध्यम से ही घर बैठे ऑनलाईन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिली है, जो कि उनके लिए काफी सुविधाजनक साबित हुआ है।

# सांसद बृजमोहन ने सदन में उठाया राष्ट्रीय हित का मुद्दा, नॉन-ट्रेसेबल और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल करने की रखी मांग

नई दिल्ली/रायपुर। लोकसभा के शीतकालीन सत्र में आज एक बार फिर रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संवेदनशील, दूरदर्शी और जन-केंद्रित नेतृत्व का परिचय देते हुए लाखों नागरिकों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समस्या को जोरदार ढंग से उठाया। शून्यकाल में सांसद अग्रवाल ने भारत सरकार और गृह मंत्रालय से मांग की कि इंश्योरेंस क्लेम, चोरी के मामलों और अप्राकृतिक मृत्यु की स्थितियों में आवश्यक नॉन-ट्रेसेबल रिपोर्ट एवं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जारी करने की संपूर्ण पुलिस प्रक्रिया को पूरी तरह ऑटो-डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को किसी भी प्रकार की देरी, भ्रष्टाचार या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।



सदन में सांसद बृजमोहन ने अत्यंत संवेदनशील शब्दों में कहा कि जब किसी परिवार में अप्राकृतिक मृत्यु होती है, परिवार दुख से टूटा होता है। ऐसे समय में उन्हें दस्तावेजों के लिए चक्कर लगवाना केवल अमानवीय ही नहीं, बल्कि अन्याय भी है। इसी प्रकार चोरी की घटनाओं में लोगों को नॉन-ट्रेसेबल सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए लंबी, थकाऊ और कई बार भ्रष्टाचार से ग्रस्त प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे इंश्योरेंस क्लेम महीनों तक अटक जाते हैं। सांसद अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि यदि इन प्रक्रियाओं को पूर्णतः डिजिटल कर दिया जाए तो मानवीय हस्तक्षेप समाप्त होगा और शोषण की गुंजाइश स्वतः खत्म हो जाएगी।

उन्होंने इस मुद्दे की गंभीरता बताते हुए कहा कि यह केवल किसी एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की प्रणालीगत विफलता है। इसी कारण राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग(एनएचआरसी) को रिश्वतखोरी के मामलों में स्वतः संज्ञान लेते हुए कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों चीफ सेक्रेट्री और डीजीपी को नोटिस तक जारी करना पड़ा था। सांसद ने कहा कि यह घटनाएं बताती हैं कि तकनीक आधारित सुधार अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।

### सीधे पीड़ितों के मोबाइल पर उपलब्ध कराई जाए रिपोर्ट

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गृह मंत्रालय के समक्ष एक व्यवहारिक समाधान रखते हुए प्रस्ताव दिया कि इन सभी सेवाओं को CCTNS से जोड़ा जाए। पुलिस द्वारा जारी सभी रिपोर्टों की ऑटो-डिलीवरी के माध्यम से सीधे पीड़ितों के मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराई जाए।

साथ ही प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी और ट्रैक करने योग्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम आम नागरिक के जीवन को बेहद आसान बना देगा और पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाएगा।

## राशन पर संकट! हितग्राहियों के सामने 'ई-केवाईसी' की चुनौती, अगले महीने से बंद हो सकता है राशन मिलना

राजनांदगांव (दावा)। सरकारी राशन पाने वाले हजारों परिवारों के सामने अब बड़ा संकट खड़ा हो गया है। अगले महीने से ऐसे हितग्राही, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें राशन नहीं मिलेगा। आंकड़े बताते हैं कि यह संख्या बेहद बड़ी है और इसका सीधा असर आम गरीब परिवारों पर पड़ने वाला है। जिले में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत लाखों लोगों को हर महीने सरकारी अनाज मिलता है, लेकिन अब वही सुविधा हजारों परिवारों के हाथ से छिनने की कगार पर है। अगर जल्द ई-केवाईसी नहीं हुआ तो अगले महीने से इन्हें एक दाना भी सरकारी अनाज नहीं मिलेगा। खाद्य विभाग के मुताबिक ई-केवाईसी अनिवार्य इसलिए किया जा रहा है ताकि फर्जी लाभार्थियों को हटाया जा सके और वास्तविक जरूरतमंदों तक सरकारी अनाज पहुंच सके। लेकिन सवाल ये भी है कि क्या अंदरूनी इलाकों में रहने वाली ग्रामीण आबादी को इस बदलाव की जानकारी समय पर मिल पाई।

# 14 दिसंबर से गूंजेगा नया विधानसभा भवन, 628 सवालों के साथ शुरू होगा शीतकालीन सत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस बार खास होने वाला है, क्योंकि यह पहली बार नवा रायपुर में बनी नई विधानसभा बिल्डिंग में हो रहा है। यह सेशन चार दिनों तक चलेगा, 14 दिसंबर से 17 दिसंबर तक। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।




### 628 सवालों से गरमाएगा सदन

विधायकों ने सत्र के लिए कुल 628 सवाल सबमिट किए हैं, जिनमें से 604 सवाल ऑनलाइन और 24 सवाल ऑफलाइन सबमिट किए गए हैं। ये सवाल मुख्य रूप से कानून-व्यवस्था, धान खरीद में दिक्कतें, खराब सड़कें, राशन डिस्ट्रीब्यूशन और एडमिनिस्ट्रेटिव गड़बड़ियों जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। उम्मीद है कि असेंबली में इन टॉपिक पर ज़ोरदार बहस होगी।

### पहले दिन होगी 'छत्तीसगढ़ विज़न 2047' पर विशेष चर्चा

14 दिसंबर को सत्र का पहला दिन होगा, और इस दिन प्रश्नकाल नहीं होगा। इसकी जगह राज्य सरकार के दीर्घकालिक विकास रोडमैप 'छत्तीसगढ़ विज़न 2047' पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद सोमवार से बुधवार तक सामान्य कार्यवाही चलेगी, जिसमें प्रश्नकाल और अन्य विधायी कार्य शामिल रहेंगे। नियम के अनुसार हर सदस्य को अनुमति होगी- रोज 2 ध्यानाकर्षण नोटिस, रोज 1 स्थगन प्रस्ताव, पूरे सत्र (3 कार्यदिवस) में अधिकतम 6 ध्यानाकर्षण, अधिकतम 3 स्थगन प्रस्ताव देने की अनुमति होगी।

### पुराने विधानसभा भवन से शिफ्टिंग जारी

नए भवन में आने वाले सत्र के लिए तेज़ी से तैयारियां की जा रही हैं। फ़ाइलें, फ़र्नीचर, रिकॉर्ड और दूसरा ज़रूरी सामान पुरानी विधानसभा बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ़्ट किया जा रहा है। लक्ष्य है कि 10 दिसंबर तक पूरा रिलोकेशन प्रोसेस पूरा हो जाए। सभी डिपार्टमेंट्स को निर्देश दिया गया है कि वे ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स को तय कमरों में सावधानी से जमा करें ताकि सेशन शुरू होने से पहले सब कुछ ऑर्गनाइज़ हो जाए।

# डोंगरगढ़ विधायक भगवान सहस्त्रबाहु की योगदान बताना छोड़कर कर रही राजनीति - राजेश श्यामकर

## डोंगरगढ़ विधायक को बताया नेत्रहीन, कहा- मंच नहीं पहचान पा रही

उपरवाह(दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम खैरझिटी मे सिन्हा समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की जयंती का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल थी। विधायक हर्षिता बघेल ने सामाजिक कार्यक्रम में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव का योगदान समाज के प्रति कार्य व उनकी गाथा को बताना छोड़ राजनीति भाषा का प्रयोग किया गया।



पूर्व जिला पंचायत सदस्य व डोंगरगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने पलटवार करते हुए कहा कि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल की याददास्त चली गई है। उनको ये नही पता की वह राजनीतीक मंच नही बल्कि सामाजिक मंच है। डोंगरगढ़ विधायक सिर्फ घोषणा करते करते दो साल बिता दिए। श्यामकर ने आगे कहा की कांग्रेस की सरकार सिर्फ घोटालो की सरकार थी। सबसे ज्यादा गिदावरी उनके हीं सरकार मे काटा गया था।

भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करकें दिखाता है। भाजपा के शासन मे किसान वर्ग, युवा वर्ग सहित सभी वर्ग के लोग खुश है। डोंगरगढ़ विधायक नेत्रहीन हो गई है। सामाजिक मंच मे सिर्फ भूपेश बघेल की तारीफ व उनके सरकार की तारीफे करती रही। एक भी भाषण भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव पर नही दी गई। उनको भाजपा की विकास दिख नही रहा है। हर्षिता बघेल सिर्फ घोषणा विधायक है। श्यामकर ने जमकर भड़ास निकालते हुवें कहा की सिन्हा समाज द्वारा जो मांग की गई है 10 लाख रूपये और पहले घोषणा की गई राशि देवांगन समाज का 3 लाख रूपये और सतनामी समाज का 3 लाख रूपये कुल 16 लाख रूपये की राशि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल दो महीने में राशि स्वीकृति कर कार्य प्रारंभ कराया गया तो मै खुद राजेश श्यामकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल का सम्मान करूंगा।

# राष्ट्रीय शालेय वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में शहर के रिहान खान ने जीता गोल्ड मेडल

## 16 वर्ष के रिहान खान ने वेटलिफ्टिंग में 273 किलो उठाकर प्रदेश के लिए जीता स्वर्ण पदक

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण के लिए प्रसिद्ध संस्था जय भवानी व्यायाम शाला व दिग्विजय स्टेडियम वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण केन्द्र के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त 16 वर्ष के रिहान खान ने राष्ट्रीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्णपदक जीतकर नया किर्तीमान स्थापित किया है।

उक्त स्पर्धा के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक व छ.ग. प्रदेश भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव ने बताया ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता, जो 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक खेलो इंडिया ऑडिटोरियम, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित हुई, में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले जय भवानी व्यायाम शाला के दिग्विजय स्टेडियम प्रशिक्षण केंद्र के उभरते हुए वेटलिफ्टर रिहान खान ने 98 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ज्ञात हो कि रिहान जिला प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से इस खेल के प्रति लगाव बढ़ा और विशेष ट्रेनिंग से तराशा गया।



शहर के वेटलिफ्टिंग के सितारा बने रिहान खान

प्रतियोगिता के दौरान रिहान खान ने अपनी अद्भुत शारीरिक क्षमता, उत्कृष्ट तकनीक और दृढ़ मानसिक संतुलन का परिचय देते हुए– स्नैच में 118 किलोग्राम, क्लीन एंड जर्क में 155 किलोग्राम, कुल 273 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिहान की यह शानदार उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, निरंतर प्रशिक्षण और खेल के प्रति सच्ची लगन का परिणाम है। इस प्रदर्शन ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे राजनांदगांव जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

रिहान खान ने अपने इस स्वर्णिम प्रदर्शन के आधार पर यूथ खेलो इंडिया गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य और उच्च क्षमताओं का प्रतीक है। इस सफलता में रिहान के माता-पिता श्री मजहर खान एवं श्रीमती निगास खान, उनके विद्यालय जेएलएम गायत्री विद्या पीठ, तथा प्रशिक्षण केंद्र जय भवानी व्यायाम शाला दिग्विजय स्टेडियम, राजनांदगांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विशेष रूप से उनके कोच अजय लोहार के मार्गदर्शन, तकनीकी प्रशिक्षण और सतत समर्थन ने रिहान के खेल प्रदर्शन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। वेटलिफ्टिर रिहान खान के 3 दिसंबर को राजनांदगांव आगमन पर रेलवे स्टेशन में बैंड-बाजा, फूलमाला पहनाकर रिहान और उनके कोच अजय लोहार का स्वागत मिठाई खिलाकर किया गया। रिहान खान के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला वेटलिफ्टिंग संघ, राजनांदगांव ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है। संघ के संरक्षक श्री अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष श्री अमित आजमानी, रईस अहमद शकील (अध्यक्ष मुस्लिम समाज, राजनांदगांव), आसिफ मेमन, सैय्यद अफजल, मो. इब्राहिम, बसंत मैगी, विवेक रंजन सोनी, अजय कुलदीप, विक्रम सिंह, सुभाष हनिहारनों, मजहर खान, तानिया बंजारे, रिमझिम मैगी, एकता बंजारे, सोनाली यदु, मुस्कान यादव, भूमि सिंग, अंशुल सोनवानी, मानसी यादव सहित वेटलिफ्टिंग संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला वेटलिफ्टिंग संघ के सहसचिव तामेश्वर बंजारे ने दी।

# मनुष्य वेव सीरीज में दिखेगा राजनांदगांव का सुंदरतम दृश्य

## वेव ओटीपी में 181 देशों में दिखाई जाएगी शहर की फिल्म

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के युवा फिल्मकार लक्ष्य नीरज गुप्ता की वेब सीरीज़ 'मनुष्य' अब वेव ओ टीटी के माध्यम से विश्व के 181 देशों में रिलीज़ होने जा रही है। इस सीरीज़ का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित आई एफ एस आई गोवा फिल्म फेस्टिवल में निर्धारित किया गया है। इस वेव सिरीज़ के ज्यादातर सीन संस्कारधानी राजनांदगांव में शूट किए गए हैं।




रहस्य रोमांच व अय्यार वाले कथानक से भरपूर रोमांचित कर देने वाली इस वेव सीरिज की फिल्म मनुष्य के बारे में प्रेस वार्ता लेते हुए इसके निर्माता लक्ष्य नीरज गुप्ता निर्देशक सुधांशु तोतलानी व प्रोडक्शन कर्मी शेफाली नीरज गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम व लोकेशन्स और हिंदी भाषा में निर्मित यह सीरीज़ राज्य की परंपरा, पहचान और कला को वैश्विक मंच पर ले जाने का कार्य करेगी। इसका निर्माण त्रिपुरसुंदरी चलचित्रम् प्राइवेट लिमिटेड, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा किया गया है। निर्देशक एवं लेखक लक्ष्य नीरज गुप्ता पिता स्व. नीरज गुप्ता हैं, जबकि प्रोड्यूसर शैफाली नीरज गुप्ता हैं। सीरीज़ की को-प्रोड्यूसर निशा गुप्ता और शैव्य गुप्ता हैं तथा क्रिएटिव प्रोड्यूसर की जिम्मेदारी शंख अग्रवाल ने निभाई है।

प्रदेश के फिल्मकारों को पहली बार मिला वैश्विक मंच प्रेस वार्ता में लक्ष्य नीरज गुप्ता ने बताया कि फिल्मांकन से लेकर अभिनय और प्रोडक्शन के प्रत्येक स्तर पर छत्तीसगढ़ के कलाकारों और तकनीशियनों ने मुख्य भूमिका निभाई है। साथ ही उन्होंने बताया गया कि यह पहली हिंदी वेब सीरीज़ है, जो छत्तीसगढ़ की धरती पर निर्मित होकर वेव्स ओटीटी के माध्यम से दुनिया के 181 देशों तक पहुँच रही है। पहली बार छत्तीसगढ़ी फिल्मकारों के काम को इतना बड़ा वैश्विक मंच मिला है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है और आने वाली नई पीढ़ी के फिल्मकारों व कला प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## धान का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया

जोंधरा (दावा)। जब से धान की खरीदी शासन द्वारा शुरू की गई है तब से लेकर आज तक कहीं ना कहीं से धान की अवैध ट्रांसपोर्टिंग का समाचार पड़ने को मिल ही जाता है, इसी तारतम्य में छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम बीजेपार निवासी देशराम पितराम आत्मज गणेशराम पितराम का 150 कट्टा धान की अवैध परिवहन की जब्ती तहसीलदार विजय कोठारी द्वारा बनाया गया। ग्रामीणों ने शीघ्र ही अवैध कोचिया देशराम पितराम पर कार्यवाही करने की मांग की है।



## 1 जनवरी 2026 से छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी कार्यालयों में अनिवार्य होगा आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस

राजनांदगांव। मंत्रालय में आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करने के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के सभी सरकारी दफ्तरों में इसे लागू करने जा रही है। इसी संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को आदेश जारी किया है, जिसमें आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को 1 जनवरी 2026 से अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि 31 दिसंबर 2025 तक सभी शासकीय सेवकों की AEBAS में ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके बाद 1 जनवरी 2026 से उपस्थिति केवल AEBAS के माध्यम से ही दर्ज की जाएगी। साथ ही कार्यालय में उपस्थिति की नियमित निगरानी करने और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### बड़ी संख्या में दिव्यांगजन खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल मैदान एवं गांधी सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर दिव्यांगजनों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें 500 से अधिक बालक-बालिकाएं व युवा दिव्यांगजन शामिल हुए। दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न विकासखण्डों से आये हुए स्कूली दिव्यांग बच्चे एवं शासकीय समर्थ स्कूल, स्वैच्छक अनुदानित संस्था अभिलाषा, आस्था, मनोकामना के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। आस्था श्रवण बाधित संस्था के द्वारा खाटू-श्याम शानदार नृत्य व शंशाक गांधी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शको का दिल जीत लिया। विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन में शामिल सभी दिव्यांगजनों को दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, मोटराईज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, बैशाखी, श्रवण यंत्र, वॉकर साथ ही समग्र शिक्षा द्वारा दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक सहायक सामग्री प्रदान की गई।




कार्यक्रम में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत आने वाले 21 प्रकार के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन बाबत प्रशिक्षण दिया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सुगमता से ऋण उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों एवं गणमान्य नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार, पार्षद शैंकी बग्गा, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना सहित स्वैच्छक अनुदानित संस्था अभिलाषा, आस्था, मनोकामना के पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जमीन की बढ़ी सरकारी गाइडलाइन दरों के विरोध में मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव। प्रदेश में जमीन की गाइडलाइन/सरकारी मूल्य में हुई भारी वृद्धि के विरोध की लहर लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में राजनांदगांव के आमजनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके अंबागढ़ चौकी प्रवास के दौरान मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया और वृद्धि को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।



मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और कहा कि बढ़े हुए सरकारी मूल्य गाइडलाइन दरों के मुद्दे पर जल्द ही चर्चा कर ठोस निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि 20 नवंबर 2025 को जारी नई जमीन गाइडलाइन दरों के बाद पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। बिलासपुर, रायपुर, धमतरी, दुर्ग-भिलाई और राजनांदगांव सहित सभी जिलों में लोग बढ़ी हुई दरों के खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। नई गाइडलाइन लागू होने पर कृषि भूमि, आवासीय प्लॉट, मकान सहित व्यवसायिक जमीन के पंजीयन और रजिस्ट्री खर्च में भारी बढ़ोत्तरी होगी, जिससे आम जनता पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है।

इसी मुद्दे को लेकर राजनांदगांव के जय स्तंभ चौक में लगातार तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शहरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया और सरकार से गाइडलाइन दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग दोहराई।

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...



आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने प्रदेश सरकार ने मचाई लूट, आम आदमी के लिए जमीन खरीदना अब संभव नहीं - पिन्टू

राजगांदगांव(दावा)। प्रदेश सरकार द्वारा जमीन की सरकारी दरों में लगभग 800-900 गुना इजाफा करने और इससे लाखों की स्टांप ड्यूटी बढाए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश सरकार को इस मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि भाजपा की साय सरकार छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर हो चुकी है । अपने आर्थिक कुप्रबंधन के चलते वह चुनावी घोषणा पत्र में किए वादे को पूरा नहीं कर पा रही है। इसलिए बिजली बिल में बढ़ोतरी, जमीन की दरों से स्टांप ड्यूटी बढ़ाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। सरकार ने अचानक जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। नियमतः देश भर में जमीन की गाइड लाइन दर एक बार में 10 से 15 प्रतिशत ही बढ़ाई जाती है। श्री पिन्टू ने कहा कि पहले ही भाजपा की साय सरकार ने कांग्रेस सरकार के समय दिये जाने वाले 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया। वहीं, 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर भी रोक लगा दिया गया है । सरकार ने निवेश क्षेत्र में कृषि भूमि की रेट की गणना में परिवर्तन किया है, यदि एक किसान को एक एकड़ जमीन बेचना है तो शुरूआत के 15 हजार वर्गफीट तक वर्गफीट के हिसाब से स्टाम्प ड्यूटी देना होगा। तथा उसके बाद की जमीन पर हेक्टेयर के दर से स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी। इससे कृषि जमीने खरीदना महंगा होगा, किसानों की जमीनें बिकना बंद हो जाएगी। 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख स्टाम्प ड्यूटी लगेगी। प्रदेश के कई जगह ऐसी भी स्थिति बन गयी है कि यदि कोई 1000 फीट जमीन की खरीदी 6 लाख रुपये में करता है तो उसे 4 लाख 40 हजार रुपये रजिस्ट्री शुल्क चुकाना होगा। कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क और जमीन की कीमत एक बराबर है। ऐसे में गरीब आदमी मकान कैसे बनाएगा। कर्ज लेकर मकान बनाने जमीन खरीदने वालों को जमीन के साथ रजिस्ट्री शुल्क के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा।



### जरूरतमंद नहीं बेच पा रहे जमीन

कांग्रेस प्रवक्ता श्री पिंटू ने कहा कि सरकार ने 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पहले ही बंद कर दी है। जिससे छोटे भूखंड बेचने - खरीदने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं नए नियमों से किसानों की जमीनों की बिक्री भी प्रभावित हो गई है । अब जरूरतमंद किसान अपनी जमीन नहीं बेच पा रहे हैं। कृषि भूमि की रजिस्ट्री अब बेहद महंगी हो गई है। इस निर्णय ने प्रदेश के रियल स्टेट सेक्टर की कमर तोड़ दी है । यह आम उपभोक्ताओं और किसानों की जेब काटने जैसा कृत्य है ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com